Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 07 अंक: 297 | रविवार, 01 नवम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

मतदाताओं के नाम अवैध तरीके से काटकर लोकतंत्र नष्ट कर रहे ज्ञानेश कुमार को जाना ही होगा : राहुल

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची से अवैध तरीके से मतदाताओं के नाम काटकर लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें अब हर हाल में पद से हटना ही होगा। श्री गांधी ने शनिवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित मॉक संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम में कहा कि श्री कुमार अब अपने पद पर बने नहीं रह सकेंगे, क्योंकि विपक्ष के पास उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भारतीय जनता पार्टी इन सबूतों को सामने लाये जाने के बाद भी श्री कुमार को पद पर बनाये रखने पर अड़ी रहती है तो उसकी मंशा देश के सामने स्पष्ट हो जाएगी और इसका खामियाजा उसको भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गये हैं और यह देश के कुल मतदाताओं का करीब 15 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है कि हर सात भारतीयों में से एक का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है। श्री गांधी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन मतदाताओं ने मतदान किया था जबकि विपक्ष और चुनाव जीतने वालों के बीच मतों का अंतर महज तीन प्रतिशत था।

श्री गांधी ने कहा कि यदि चुनाव आयोग अब यह कह रहा है कि जिन मतदाताओं के नाम काटे गये हैं उन्हें मतदान नहीं करना चाहिए था तो इसका मतलब है कि आयोग खुद 2024 के लोकसभा चुनाव की वैधता पर सवाल खड़े कर रहा है और इस तरह से 2024 के आम चुनाव अवैध थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आधार पर लोकसभा में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी अवैध तरीके से सदन में पहुंचे हैं।

इंडिया गठबंधन ने मॉक संसद में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पेश किया जन महाभियोग प्रस्ताव, वोट चोरी का लगाया आरोप

इंडिया गठबंधन ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शनिवार को मॉक संसद का आयोजन कर उन पर लोकतांत्रिक व्यवस्था और मताधिकार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में विपक्षी इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं, सांसदों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों तथा जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं उन लोगों के साथ कई लोगों ने हिस्सा लिया। मॉक पार्लियामेंट की अध्यक्षता पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने की, जबकि समाजवादी पार्टी के लोकसभा सदस्य अवधेश कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया। सुश्री मीरा कुमार ने मॉक संसद की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यहां नागरिक समाज के प्रतिनिधि, इंडिया गठबंधन के लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य तथा ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनके नाम अनुचित तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इस मामले में सभा में सभी दलों के लोगों को विचार रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देश भारतीय लोकतंत्र का अनुसरण करते हैं। भारत का लोकतंत्र समानता के सिद्धांत पर आधारित है और प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार प्राप्त है, चाहे वह गरीब हो या अमीर, किसी भी जाति या धर्म का हो अथवा किसी भी लिंग से संबंधित हो। उन्होंने कहा कि गरीब बस्तियों में रहने वाले लोग भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके देश की किस्मत तय करते हैं। श्री खरगे ने श्री ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग प्रस्ताव पेश करते हुए उन पर लोकतंत्र की मतदान प्रणाली को नुकसान पहुंचाने और लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया।

जेल से बाहर निकलते ही आजम खान को ईडी ने किया गिरफ्तार, सुबह 10 बजे कोर्ट में पेशी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



लखनऊ। सपा नेता आजम खान अपने बेटे अब्दुल्ला के साथ 11 महीने बाद रामपुर जेल से बाहर आए। लेकिन, जेल के गेट पर ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आजम को हिरासत में ले लिया। जैसे ही वे बाहर निकले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने आजम से पूछताछ की और उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। इस दौरान एऊके अधिकारियों और आजम के बीच तीखी बहस भी हुई। इस बीच, भावुक होते हुए आजम ने कहा कि अब कहने के लिए बचा ही क्या है? मुसलमान होने की यही कीमत चुकानी पड़ती है। एक मुसलमान ने यूनिवर्सिटी बनाई। बस यही गलती है। यही हमारा एकमात्र अपराध है। इस बीच, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम घर के लिए निकल गए। दरअसल, आजम की रिहाई से लगभग 15 मिनट पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम जेल पहुंच गई थी। इसके अलावा, वहां CRPF के 24 जवानों को भी तैनात किया गया था। 29 अक्टूबर को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दो पैन कार्ड से जुड़े एक मामले में आजम और अब्दुल्ला को सुनाई गई 10 साल की जेल की सजा पर रोक लगा दी थी। दोनों को जमानत मिल गई थी। 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से लगभग पाँच महीने पहले आजम खान का जेल से रिहा होना, राजनीतिक नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यही वजह है कि नौ दिन पहले, 22 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने रामपुर जेल में आजम से मुलाकात की थी।

रात में बनारस में सोइये, सुबह दिल्ली में जागिये: अश्विनी वैष्णव

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बनारस स्टेशन से देश की दूसरी स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान वाराणसी जंक्शन से राजातालाब के लिए मेमू ट्रेन को भी रवाना किया गया। रेल मंत्री ने कहा कि आज से दस मेमू सेवाओं और दूसरी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत हो रही है। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों के साथ लोको पायलट और अन्य कर्मचारियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। ट्रेन में कर्मचारियों के लिए अलग बर्थ की व्यवस्था की गई है। बर्थ पर चढ़ने के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि यात्री रात में बनारस में सोकर सुबह दिल्ली में जाग सकेंगे।

श्री वैष्णव ने कहा कि शहरों के विस्तार के साथ यातायात की नई व्यवस्थाएं विकसित करना जरूरी है। इसी क्रम में वाराणसी सिटी और राजातालाब के बीच मेमू सेवा शुरू की जा रही है।

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने संभाली भारतीय वायुसेना की कमान, एपी सिंह को सैन्य परंपराओं के साथ दी गई विदाई

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की कमान अब नए योद्धा के हाथों में आ गयी है और इसी के साथ ही दुश्मनों के लिए भारत का सैन्य संदेश पहले से कहीं ज्यादा सख्त हो गया है। हम आपको बता दें कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 42 वर्षों की गौरवशाली सैन्य सेवा के बाद आज सेवानिवृत्त हो गए और उनके स्थान पर एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभाल ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और उसके संरक्षण में पल रहे आतंकवादी नेटवर्क को भारत की सैन्य ताकत का अहसास कराने वाले एपी सिंह अपने पीछे साहस, रणनीतिक सूझबूझ और निर्णायक सैन्य कार्रवाई की विरासत छोड़ गए हैं। अब इस विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आशुतोष दीक्षित के कंधों पर है। देखा जाये तो एपी सिंह के कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में ऑपरेशन सिंदूर को विशेष रूप से याद किया जाएगा। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर पूरे देश को झकझोर दिया था। इस कायराना हमले का जवाब भारत ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ढांचे पर निर्णायक हमले किए थे। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ प्रमुख आतंकवादी लॉन्चपैड तबाह किए गए और 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

42 वर्षों की सेवा के बाद एपी सिंह की शानदार विदाई

हम आपको बता दें कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की विदाई बेहद गरिमामय सैन्य परंपराओं के साथ हुई। पदभार छोड़ने से पहले उन्होंने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचकर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली में वायुसेना के जांबाज एयर वॉरियर्स ने उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर देकर विदाई दी। यह सलामी केवल एक अधिकारी को दी गई विदाई नहीं थी, बल्कि चार दशकों से अधिक समय तक देश के आसमान की सुरक्षा में समर्पित रहे एक सैन्य नेतृत्वकर्ता के प्रति सम्मान का प्रतीक थी।

गाजियाबाद में आबकारी विभाग की निगरानी पर सवाल, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार निलंबित

नाइट क्लबों और बार में कथित अनियमितताओं से लेकर दूसरे राज्यों की शराब की अवैध बिक्री तक के मामलों में कार्रवाई, मेरठ के उप आबकारी आयुक्त करेंगे जांच

ललित कुमार शर्मा



गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)। जिले में आबकारी नियमों के कथित उल्लंघन और अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी अंकुश नहीं लगा पाने के मामले में शासन ने जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार को निलंबित कर दिया है।

आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद विभाग की निगरानी व्यवस्था और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की विस्तृत जांच मेरठ के उप आबकारी आयुक्त को सौंपी गई है।

जानकारी के अनुसार, संयुक्त प्रशासनिक टीम के औचक निरीक्षण में जिले के कुछ नाइट क्लबों, बार और रेस्टोरेंट में बिना ओकेजनल बार लाइसेंस शराब परोसने की अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके अलावा दूसरे राज्यों में बिक्री के लिए अनुमन्य शराब की अवैध बिक्री के मामले भी सामने आए।

शासन ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की।

उन पर अवैध शराब की बिक्री रोकने में नाकामी और सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप हैं। उनके विरुद्ध विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं।

निलंबन के बाद अब जांच पर निगाहें

निलंबन अवधि में संजय कुमार को आबकारी आयुक्त, प्रयागराज के कार्यालय से संबद्ध किया गया है। अब मेरठ के उप आबकारी आयुक्त की जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। इस पूरे प्रकरण में सबसे अहम सवाल यह है कि क्या अनियमितताओं के लिए केवल जिला आबकारी अधिकारी की जवाबदेही तय होगी या संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों और निरीक्षण तंत्र की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी। जिन प्रतिष्ठानों में नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई है, उनके लाइसेंस और संचालन की जांच भी महत्वपूर्ण होगी। गाजियाबाद जैसे बड़े जिले में आबकारी विभाग की जिम्मेदारी केवल राजस्व संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि शराब की बिक्री और परोसने से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करना भी उसका दायित्व है। ऐसे में अधिकारी का निलंबन कार्रवाई का एक चरण है। निगरानी व्यवस्था में चूक के कारणों का पता लगाना और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करना ही इस जांच की असली कसौटी होगी।

औचक निरीक्षण में सामने आईं अनियमितताएं

शराब की बिक्री और परोसने से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है। ऐसे में औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं सामने आने के बाद नियमित निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जांच में यह भी महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस, शराब परोसने की अनुमति और विभागीय निरीक्षण की प्रक्रिया में कहां चूक हुई।

सिग्नेचर ग्लोबल मॉल का मामला भी चर्चा में


कौशांबी थाना क्षेत्र स्थित सिग्नेचर ग्लोबल मॉल से जुड़ा मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मॉल में नियमों के पालन और संबंधित विभागों की निगरानी को लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि, इस प्रकरण में आबकारी विभाग या किसी अधिकारी की मिलीभगत का आरोप स्वतंत्र रूप से प्रमाणित नहीं है। इसलिए इस मामले को आबकारी अधिकारी के निलंबन से जोड़कर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

वैशाली में हरियाणा की शराब बेचने का मामला

वैशाली सेक्टर-5 में हरियाणा की शराब बेचे जाने का मामला भी सामने आया था। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। दूसरे राज्य की शराब की अवैध बिक्री का यह मामला भी आबकारी नियमों के पालन और निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है।

सरकार गरीबी हटाने में जुटी है, राहुल गांधी की कांग्रेस अराजकता फैलाने में: भाजपा

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों के 'मॉक पार्लियामेंट' को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 'दिल बहलाने का फसाना' बताते हुए शनिवार को कहा कि मोदी सरकार गरीबी दूर करने में जुटी है जबकि श्री गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अराजाकता फैलाने के नाकाम प्रयास में लगे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ' भारत में अराजकता उत्पन्न करने के अपने मंसूबों में नाकाम रहने के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने ' शहजादे के बिगड़े दिल को सुकून देने के लिए एक फसाने की संसद यानी मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया है।' डॉ त्रिवेदी ने कहा कि इस फसाने के समय विश्व बैंक की ओर से जारी रिपोर्ट में देश की हकीमत सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2011 से 2023 के बीच अत्यधिक गरीबी 27.6 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई और 84 प्रतिशत आबादी प्रतिदिन 400 रुपये से अधिक कमाती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 'भाजपा और एनडीए सरकार गरीबी उन्मूलन तथा जीवन स्तर सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि कांग्रेस और राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।' डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट में 2011 से 2023 के बीच गरीबी कम करने में भारत की तीव्र सफलता का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले गरीबी का अनुपात 27 प्रतिशत से अधिक था। विश्व बैंक ने यह भी बताया है कि करीब 13-14 साल पहले भारत की 57 प्रतिशत आबादी की प्रतिदिन की आमदनी 2 डॉलर से कम थी, जबकि आज भारतीय मुद्रा के हिसाब से प्रतिदिन 400 रुपये से कम कमाने वाले लोगों की संख्या घटकर केवल 16 प्रतिशत रह गई है। यानी आज भारत की 84 प्रतिशत आबादी प्रतिदिन 400 रुपये से अधिक कमाती है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2025 में विश्व बैंक ने आर्थिक समानता को लेकर गिनी इंडेक्स जारी किया था, जिसमें भारत का स्कोर 22.5 था। इसके आधार पर भारत दुनिया के सर्वाधिक आर्थिक समानता वाले देशों में चौथे स्थान पर रहा। उन्होंने श्री गांधी के अगस्त 2013 के ' गरीबी केवल एक मानसिकता है' और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 'पैसे पेड़ों पर नहीं उगते' वाले बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच और प्रधानमंत्री मोदी की सोच में जमीन-आसमान का अंतर है।

संपादक की कलम

नशा, संवेदना और बचपन

स्वामी विवेकानंद ने कहा था हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे, मन का बल बढ़ाए और मनुष्य को अपने पैरों पर खड़ा कर दे, नशा शिक्षा, चरित्र और आत्मबल तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी उसकी संवेदना और बचपन की मासूमियत है। संवेदना मनुष्य को मनुष्य बनाती है और बचपन उसके व्यक्तित्व की नींव रखता है। किंतु आज नशीले पदार्थों का बढ़ता जाल इन दोनों पर सबसे कड़ा प्रहार कर रहा है। नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि विवेक, करुणा, परिवार, शिक्षा, संस्कृति और भविष्य को भी नष्ट कर देता है। जिस आयु में बच्चों के हाथों में पुस्तकें और सपने होने चाहिए, वहाँ यदि नशे का जहर पहुँच जाए तो आने वाला पूरा जीवन अंधकारमय हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में ड्रग्स, सिंथेटिक नशे, हेरोइन, चरस, गांजा, अफीम तथा नशीली गोलियों का प्रसार चिंताजनक रूप से बढ़ा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों के अनुसार देश में करोड़ों लोग किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन करते हैं। 2019 के राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 16 करोड़ लोग शराब, 3 करोड़ से अधिक लोग भांग या गांजा तथा लगभग 2.3 करोड़ लोग ओपिओइड (अफीम, हेरोइन आदि) का सेवन करते पाए गए। इनमें बड़ी संख्या 10 से 17 वर्ष और 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की है। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में पंजाब, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र तथा गोवा प्रमुख हैं। पंजाब में हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स का गंभीर संकट लंबे समय से चिंता का विषय है। पूर्वोत्तर के राज्यों में सीमा पार से होने वाली तस्करी ने युवाओं को प्रभावित किया है। राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी मादक पदार्थों की तस्करी लगातार बढ़ी है। महानगरों में नशीली गोलियां, कोकीन और पार्टी ड्रग्स तेजी से फैल रहे हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि नशे की शुरूआत अब किशोरावस्था में ही होने लगी है। विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों, पारिवारिक विघटन, बेरोजगारी, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, गलत संगति तथा मानसिक तनाव के कारण अनेक बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। परिणामस्वरूप पढ़ाई छूट जाती है, अपराध बढ़ते हैं, हिंसा और आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित होती है तथा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूटने लगते हैं। नशा सबसे पहले मनुष्य की संवेदना को समाप्त करता है। जो व्यक्ति कभी माता-पिता के प्रति श्रद्धावान था, वही नशे की लत में उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगता है। परिवार की जमा पूंजी नशे में समाप्त हो जाती है। अनेक युवा चोरी, लूट और अन्य अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। धीरे-धीरे रिश्तों की गर्माहट समाप्त होने लगती है और मनुष्य केवल नशे का दास बनकर रह जाता है। महात्मा गांधी ने कहा था शराब और नशा मनुष्य की आत्मा का पतन कर देते हैं। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का संदेश था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह संदेश नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए भी उतना ही आवश्यक है। नशे के विरुद्ध केवल कानून पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, विद्यालय, समाज, धार्मिक संस्थाएँ, मीडिया तथा शासन सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, खेल, साहित्य, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना, विद्यालयों में नशामुक्ति शिक्षा को अनिवार्य बनाना तथा नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था करना समय की आवश्यकता है। सीमाओं पर तस्करी रोकने के साथ-साथ ऑनलाइन अवैध नेटवर्क पर भी कठोर कार्रवाई आवश्यक है। यदि किसी राष्ट्र का बचपन सुरक्षित है तो उसका भविष्य भी सुरक्षित है। लेकिन यदि बचपन नशे की गिरफ्त में चला गया, तो आने वाली पीढ़ियाँ केवल आर्थिक ही नहीं, नैतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी कमजोर हो जाएँगी।



ललित शर्मा
संपादक

मुट्ठी भर अमीरों की कीमत चुका रही हैं पूरी दुनिया



ललित गर्ग
लेखक

दुनिया आज एक ऐसे विरोधाभास के दौर से गुजर रही है, जहां एक ओर विकास, समृद्धि और आधुनिकता के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गरीबी, भुखमरी, हिंसा, विस्थापन और पर्यावरणीय विनाश की चुनौतियां लगातार विकराल होती जा रही हैं। प्रश्न यह है कि जब दुनिया के पास पर्याप्त संसाधन हैं, विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व प्रगति की है, तब भी करोड़ों लोग जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष क्यों कर रहे हैं? अंतरराष्ट्रीय संस्था ऑक्सफैम की रिपोर्ट ह्यडिजास्टर डिवाइडह्ल इसी प्रश्न का एक असहज, किंतु विचारोत्तेजक उत्तर प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट केवल प्रकृति की नाराजगी नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता, अनियंत्रित उपभोग और संसाधनों पर मुट्ठी भर लोगों के बढ़ते नियंत्रण का परिणाम भी है। दुनिया की लगभग 80 लाख आबादी वाले सबसे धनी 0.1 प्रतिशत वर्ग की जीवनशैली और निवेश से होने वाला कार्बन उत्सर्जन करोड़ों नहीं, अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह वर्ग दुनिया के सबसे गरीब 44 प्रतिशत लोगों की तुलना में अधिक कार्बन प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। यह असमानता केवल आंकड़ों का अंतर नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता का ऐसा दस्तावेज है, जिसमें कुछ लोगों की विलासिता की कीमत पूरी मानवता चुका रही है। निजी विमान, विशाल नौकाएं, अत्यधिक ऊर्जा खपत और प्रदूषणकारी उद्योगों में निवेश आधुनिक अमीरी के प्रतीक बन गए हैं, जबकि दूसरी ओर गरीब आबादी स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी और दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। सवाल यह नहीं कि किसी व्यक्ति के पास कितनी संपत्ति है, बल्कि यह है कि उसकी संपन्नता का सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्य कौन चुका रहा है।

इस संकट का सबसे भयावह पक्ष यह है कि जलवायु आपदाएं भी अमीर और गरीब के बीच भेदभाव करने लगी हैं। बाढ़ एक ही समय में अमीर की आलीशान कोठी और गरीब की झोपड़ी तक पहुंचती है, लेकिन दोनों के परिणाम अलग होते हैं। अमीर सुरक्षित स्थानों पर चले जाते हैं, बीमा और आधुनिक सुविधाओं से नुकसान की भरपाई कर लेते हैं, जबकि गरीब अपना घर, खेत, पशुधन और आजीविका गंवाकर वर्षों पीछे चला जाता है। ऑक्सफैम के अनुसार, अधिक आर्थिक असमानता वाले देशों में बाढ़ से होने वाली मौतें सात गुना तक अधिक होती हैं। इतना ही नहीं,



रिपोर्ट बताती है कि दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों का उत्सर्जन भविष्य में लगभग 19 लाख अतिरिक्त गर्मी-संबंधी मौतों का कारण बन सकता है। इनमें 78 प्रतिशत मौतें निम्न एवं निम्न-मध्यम आय वाले देशों में होने का अनुमान है। आर्थिक असमानता का यह अंतर केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है। जब समाज में संसाधनों, अवसरों और अधिकारों का वितरण अन्यायपूर्ण हो जाता है, तब असंतोष जन्म लेता है। बेरोजगारी, महंगाई, खाद्य संकट, जल संकट और विस्थापन सामाजिक तनाव को बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे यही तनाव आक्रोश, विद्रोह, अपराध, सामुदायिक संघर्ष और हिंसा का रूप ले सकता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक हिंसा के पीछे केवल अमीरी-गरीबी का अंतर है, लेकिन जब विकास का लाभ सीमित हाथों में सिमटता है और संकट का बोझ बहुसंख्यक आबादी पर पड़ता है, तब सामाजिक शांति की नींव कमजोर होना स्वाभाविक है। विडंबना यह है कि कुछ बड़े निवेशक पहले प्रदूषणकारी उद्योगों से मुनाफा कमाते हैं और फिर उन्हीं आपदाओं से निपटने, सफाई तथा पुनर्निर्माण के कारोबार में लाभ अर्जित करते हैं। ऑक्सफैम का ह्यडिस्ट्रॉय एंड रीबिल्ड इंडेक्सह्ल 217 कंपनियों के माध्यम से इसी दोहरे मुनाफे की पड़ताल करता है। यह सचमुच ऐसी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है, जहां किसी के लिए आपदा भी अवसर बन जाती है और किसी के लिए जीवनभर का अभिशाप।

भारत के संदर्भ में यह चेतावनी और भी गंभीर है। भारत की विशाल आबादी का बड़ा हिस्सा कृषि, निर्माण, छोटे व्यवसायों और असंगठित क्षेत्र पर निर्भर है। किसान अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और तापमान वृद्धि से जूझ रहा है। मजदूर भीषण गर्मी में काम करने को विवश है और महानगरों की झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले परिवार जलभराव तथा गर्मी की दोहरी मार झेल रहे हैं। विश्व बैंक के अनुसार, भारत की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी ऐसे जिलों में रहती है जो जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं के जोखिम में हैं। वहीं, देश के 57 प्रतिशत जिलों में रहने वाली लगभग 76 प्रतिशत आबादी अत्यधिक गर्मी के उच्च या बहुत उच्च जोखिम का सामना कर रही है। भारत के लिए चुनौती केवल आर्थिक विकास की गति बढ़ाना नहीं, बल्कि विकास को न्यायपूर्ण, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न तभी सार्थक होगा, जब विकास की चमक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन तक पहुंचे। यदि एक ओर महानगरों में विलासिता और उपभोग के नए कीर्तिमान बनें और दूसरी ओर गांवों में किसान पानी, बिजली और आजीविका के लिए संघर्ष करता रहे, तो विकास की तस्वीर अधूरी ही रहेगी। विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखने वाले भारत को दुनिया के सामने यह उदाहरण प्रस्तुत करना होगा कि आर्थिक समृद्धि और प्रकृति के संरक्षण के बीच संतुलन संभव है। इसके लिए कुछ बुनियादी प्राथमिकताएं आवश्यक हैं। संपन्न वर्ग और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की जवाबदेही तय हो, विलासितापूर्ण उपभोग पर उचित कर व्यवस्था बने, स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिले और जल, जंगल तथा जमीन के संरक्षण को विकास की अनिवार्य शर्त बनाया जाए। साथ ही, जलवायु आपदाओं से प्रभावित किसानों, मजदूरों और कमजोर समुदायों के लिए सामाजिक सुरक्षा, बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था हो। विकास का लाभ केवल पूंजी के स्वामियों तक सीमित न रहे, बल्कि श्रम करने वाले हाथों तक भी पहुंचे।

भारत की सांस्कृतिक चेतना में ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनःह्ल, ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल और ह्यअपरिग्रहह्ल जैसे जीवन-मूल्य सदियों से प्रतिष्ठित रहे हैं। महात्मा गांधी का ह्यसादा जीवन, उच्च विचारह्ल केवल व्यक्तिगत आचरण का संदेश नहीं, बल्कि संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का दर्शन है। जैन दर्शन का अपरिग्रह भी यही सिखाता है कि आवश्यकता से अधिक संग्रह अंततः समाज में असंतुलन पैदा करता है। प्रकृति हमारी संपत्ति नहीं, आने वाली पीढ़ियों की धरोहर है। अंततः ऑक्सफैम की ह्यडिजास्टर डिवाइडह्ल रिपोर्ट दुनिया के सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकास का अर्थ कुछ लोगों की असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवता की बढ़ती विवशता है? पृथ्वी किसी एक वर्ग की जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनों पर किसी मुट्ठी भर लोगों का एकाधिकार हो सकता है। आज आवश्यकता अमीरी को अपराध मानने की नहीं, बल्कि अमीरी के साथ जवाबदेही जोड़ने की है। याद रखना होगा कि जब समाज में विषमता की खाई बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोष की आग सीमाओं में नहीं बंधती। धरती को बचाना है तो विकास की दिशा बदलनी होगी, समृद्धि को संवेदना से जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्था को मानवता के प्रति जवाबदेह बनाना होगा। क्योंकि जिस विकास में प्रकृति सुरक्षित नहीं और मनुष्य सम्मानित नहीं, वह विकास नहीं, विनाश की प्रस्तावना है।

भारत की आर्थिक दिवाली या वैश्विक मंदी का खतरा?



किशन भावनानीं
लेखक

वैश्विक स्तरपर दीपावली केवल दीपों,खुशियों और समृद्धि का पर्व नहीं है,बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश,निराशा पर आशा और संकट पर संकल्प की विजय का प्रतीक भी है।वर्ष 2026 की दीपावली ऐसे समय में आ रही है,जब भारतीय अर्थव्यवस्था एक ओर गरीबी उन्मूलन,हरित ऊर्जा,घरेलू उपभोग,मुक्त व्यापार समझौतों और आर्थिक सुधारों की नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रही है,वहीं दूसरी ओर वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव,महंगे कच्चे तेल,चीन के शेयर बाजार की कमजोरी और अमेरिका की अनिश्चित नीतियां विश्व अर्थव्यवस्था के सामने गंभीर प्रश्न खड़े कर रही हैं।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि,इसलिए इस बार भारतीय निवेशकों और आम नागरिकों के लिए सबसे बड़ा संदेश है कि आर्थिक उपलब्धियों का उत्सव अवश्य मनाएं, लेकिन वैश्विक जोखिमों को नजरअंदाज करके वित्तीय निर्णय न लें।इस दीपावली हमारा संकल्प होना चाहिए,आर्थिक आत्मनिर्भरता निवेश में विवेक,ऊर्जा में स्वावलंबन, रोजगार में गुणवत्ता और विकास में समानता।क्योंकि असली समृद्धि वह नहीं जो केवल शेयर बाजार में चमके, बल्कि वह है जिसकी रोशनी देश के अंतिम नागरिक के घर तक पहुंचे।29 अक्टूबर को राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी.अनंत नागेश्वरन ने कहा कि वर्ष 2026 भारत के लिए 1991 जैसा महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है।

उनका आशय 1991 जैसी भुगतान संतुलन की आपातस्थिति से नहीं, बल्कि बदलती वैश्विकआर्थिक व्यवस्था में भारत को अपनी रणनीति बदलने की आवश्यकता से था।

उन्होंने आयात प्रतिस्थापन, घरेलू विनिर्माण,निर्यात प्रतिस्पर्धा और महत्वपूर्ण संसाधनों में रणनीतिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! साथियों बात अगर हम गरीबी उन्मूलन की ऐतिहासिक उपलब्धि :49.6 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव को समझने की करें तो इस दीपावली भारत के लिए सबसे उत्साहजनक समाचार विश्व बैंक की 30 अक्टूबर 2026 को चर्चा में आई अक्टूबर की इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रिफ रिपोर्ट है।

इसके अनुसार वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में लगभग 49.6 करोड़ लोग प्रतिदिन 4.20 डॉलर की निम्न-मध्यम आय वाले देशों की अंतरराष्ट्रीय गरीबी सीमा से ऊपर आए।इस मानक पर गरीबी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गया।वहीं तीन डॉलर प्रतिदिन के अत्यधिक गरीबी मानक पर गरीबी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हुई। दोनों आंकड़े 2021 की क्रयशक्ति समता यानी पीपीपी पर आधारित हैं। यह उपलब्धि घरेलू उपभोग, रोजगार में वृद्धि,ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती कार्य भागीदारी और खाद्यान्न सब्सिडी जैसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों से जुड़ी है।वर्ष 2017 से 2023 के बीच रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ की वृद्धि भी दर्ज की गई।

इसका वैश्विक संदेश स्पष्ट है कि भारत का विशाल घरेलू बाजार निवेश और उत्पादन के लिए आकर्षक बन रहा है। लेकिन इस उपलब्धि के साथ विश्व बैंक ने आय की असमानता भी रेखांकित की है। शीर्ष 10 प्रतिशत और निचले 10 प्रतिशत के बीच आय का अंतर लगभग 13 गुना है। इसलिए गरीबी से बाहर निकलने के बाद अगली चुनौती गुणवत्तापूर्ण रोजगार,बेहतर वेतन,शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थायी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। केवल गरीबी का आंकड़ा घटना पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार की वास्तविक क्रयशक्ति बढ़ना भी आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम हरित हाइड्रोजन के 23 अनुबंधः भारत की ऊर्जा कूटनीति को नई ताकत को समझने की करें तो,भारत की दूसरी बड़ी उपलब्धि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत सामने आई है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की 29 अक्टूबर की जानकारी के अनुसार 2023 में मिशन शुरू होने के बाद भारतीय कंपनियों ने कुल 23 ऑफटेक अनुबंध किए हैं, जिनकी प्रतिबद्धता लगभग 5,55, 610 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष हरित हाइड्रोजन समतुल्य है। इनमें 2026 के दौरान 18 नए समझौते हुए हैं और 70 प्रतिशत से अधिक मात्रा निर्यात के लिए निर्धारित है। इन परियोजनाओं से लगभग 90,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।

जापान,दक्षिण कोरिया और यूरोपीय बाजारों के साथ ग्रीन अमोनिया तथा ग्रीन मेथनॉल के समझौते भारत को स्वच्छ ऊर्जा



आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण स्थान दिला सकते हैं।इससे विदेशी मुद्रा अर्जन, रोजगार,तकनीकी निवेश, औद्योगिक विकास और ऊर्जा कूटनीति को मजबूती मिलेगी।हालांकि ध्यान रहे कि ये खरीद-आपूर्ति प्रतिबद्धताएं हैं,पूरी हो चुकी उत्पादन उपलब्धियां नहीं परियोजनाओं का समय पर निर्माण, सस्ती नवीकरणीय बिजली, जल उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी उत्पादन लागत ही इन समझौतों को वास्तविक आर्थिक सफलता में सटीकता से बदलेंगे।

साथियों, इसी दिशा में केंद्र सरकार ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन करके ई85 के साथ ई 100 ईंधन को भी मान्यता दी है। यह भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।ई 100 मुख्यतःएथेनॉल आधारित ईंधन है,जिसका उपयोग केवल उसके अनुकूल और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों में किया जा सकेगा।

सामान्य ई 20 वाहनों को ई100 के अनुकूल नहीं माना जा सकता।भारत में गन्ना, मक्का और अन्य कृषि आधारित स्रोतों से एथेनॉल उत्पादन बढ़ने पर किसानों की आय, ग्रामीण उद्योग और रोजगार को लाभ मिल सकता है। सबसे बड़ा रणनीतिक लाभ कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने का है। लेकिन इसके लिए एथेनॉल की पर्याप्त उपलब्धता, खाद्य सुरक्षा, जल संसाधनों का संतुलित उपयोग, वाहन निर्माण और देशव्यापी ईंधन वितरण नेटवर्क विकसित करना होगा।

साथियों बात अगर हम चीन का 3.5 ट्रिलियन डॉलर का शेयर बाजार झटकाः भारत के लिए अवसर या चेतावनी? को समझने की करें तो,दूसरी ओर चीन का शेयर बाजार निवेशकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तकउपलब्ध बाजार रिपोर्टों के अनुसार सीएसआई 300 सूचकांक में लगातार 12 सप्ताह की साप्ताहिक गिरावट दर्ज हुई, जो 2005 में इसके आरंभ के बाद सबसे लंबी गिरावट बताई गई है।

मई के शिखर से चीनी शेयर बाजार लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर का बाजार मूल्य गंवा चुका है। इसके पीछे कमजोर घरेलू मांग, कंपनियों के मुनाफे में गिरावट, रियल एस्टेट संकट, इलेक्ट्रिक वाहन और तकनीकी कंपनियों में प्रतिस्पर्धा, एआई निवेश पर बढ़ते खर्च तथा सरकारी प्रोत्साहन की प्रभावशीलता को लेकर अनिश्चितता प्रमुख कारण हैं।

एआई क्षेत्र में भारी पूंजी लगाने के बावजूद निवेश पर अपेक्षित प्रतिफल न मिलने की आशंका ने भी तकनीकी शेयरों पर दबाव बढ़ाया है। चीन की यह स्थिति भारत के लिए अवसर पैदा कर सकती है, क्योंकि वैश्विक कंपनियां वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र तलाश रही हैं। भारत को इसका लाभ तभी मिलेगा जब वह लॉजिस्टिक्स, उत्पादन लागत, कौशल, नीतिगत स्थिरता और निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करेगा।

केवल चीन की कमजोरी से भारतीय बाजार अपने आप मजबूत नहीं हो जाएगा। साथियों बात अगर हम ट्रंप की 1929 जैसी महामंदी की चेतावनीः क्या दुनिया फिर आर्थिक तबाही की ओर? को समझने की करें तो,अमेरिका में 3 नवंबर 2026 को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक और राजनीतिक बयान वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा रहे हैं।12 अक्टूबर को ओहायो की चुनावी सभा में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डेमोक्रेटिक पार्टी जीतती है तो अमेरिका को 1929 जैसी आर्थिक महामंदी का सामना करना पड़ सकता है और लोगों के 401(के)सेवानिवृत्ति निवेश की कीमत प्रभावित हो सकती है। 27 अक्टूबर को टेक्सास की सभा में भी उन्होंने इसी प्रकार की चेतावनी दोहराई।

लेकिन यह ट्रंप का चुनावी राजनीतिक दावा है, किसी आर्थिक संस्था का प्रमाणित पूर्वानुमान नहीं। 1929 की महामंदी के पीछे शेयर बाजार का पतन,बैंकिंग संकट, मांग में भारी कमी, बेरोजगारी और मौद्रिक नीतियों की विफलताएं थीं। आज अमेरिकी अर्थव्यवस्था की संरचना, केंद्रीय बैंकिंग व्यवस्था और वित्तीय नियमन अलग हैं।इसलिए 1929 जैसी मंदी को निश्चित मानना उचित नहीं होगा। फिर भी व्यापार शुल्क,सरकारी कर्ज,महंगी ऊर्जा,भू-राजनीतिक युद्ध और निवेशकों के भरोसे में गिरावट गंभीर जोखिम हैं। यदि अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट आती है तो विदेशी संस्थागत निवेशक उभरते बाजारों से पूंजी निकाल सकते हैं, डॉलर मजबूत हो सकता है और भारतीय शेयर बाजार पर भी दबाव बढ़ सकता है।

साथियों ट्रंप ने 27 अक्टूबर को टेक्सास की एक सभा में वेनेजुएला को संभावित रूप से अमेरिका का 51वांराज्य बनाने की बात भी कही।उन्होंने वहां के विशाल तेल भंडार और अमेरिकी कंपनियों के निवेश का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति के स्थान पर गवर्नर चुने जाने जैसी टिप्पणी की। यह फिलहाल राजनीतिक बयान है,कोई कानूनी विलय प्रक्रिया नहीं। वेनेजुएला की संप्रभुता,वहां की जनता की सहमति और अमेरिकी संवैधानिक प्रक्रिया के बिना ऐसा कदम व्यावहारिक नहीं है।

इसका वास्तविक आर्थिक महत्व वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर अमेरिकी प्रभाव, ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक तेल बाजार की प्रतिस्पर्धा से जुड़ा है। भारत के लिए इसका प्रभाव तेल की कीमतों, अमेरिकी ऊर्जा नीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक समीकरणों के माध्यम से सामने आ सकता है।

साथियों बात अगर हम 116 डॉलर का कच्चा तेलः भारत के घरेलू बजट पर वैश्विक युद्ध का प्रहार को समझने की करें तो,पश्चिम एशिया का तनाव अब वैश्विक अर्थव्यवस्था की सबसे संवेदनशील नस यानी ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रहा है। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब की रास तनुरा और रबीघ रिफाइनरी तथा अबकैक स्थित ऊर्जा प्रतिष्ठान को निशाना बनाने के दावों के बाद तेल बाजार में घबराहट बढ़ी है। 30 अक्टूबर को शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 115.74 डॉलर और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई 102.72 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। बाद में ब्रेंट का वायदा भाव 117.64 डॉलर पर बंद हुआ।

होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयातित कच्चे तेल से पूरा करता है। इसलिए तेल महंगा होने का अर्थ केवल पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दबाव नहीं,बल्कि परिवहन खाद,बिजली,खाद्य पदार्थों, विनिर्माण और आयात बिल पर भी असर है।इससे चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है, रुपये पर दबाव आ सकता है और महंगाई का नया दौर शुरू हो सकता है। सरकार के सामने पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने, तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति और राजकोषीय संतुलन के बीच कठिन निर्णय लेने की चुनौती होगी।रूस से रियायती तेल खरीद,अन्य आपूर्तिकताओं से समझौते, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और नवीकरणीय ऊर्जा इस संकट से निपटने के महत्वपूर्ण विकल्प हैं।

साथियों बात अगर हम शेयर बाजार को दिवाली का उपहार : क्या एलटीसीजी टैक्स में कटौती होगी? इसको समझने की करें तो भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की निराशा दूर करने के लिए केंद्र सरकार के भीतर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर यानी एलटीसीजी को मौजूदा 12.5 प्रतिशत से कम करने पर चर्चा की खबर सामने आई है।इसके अतिरिक्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को रुपये के बजाय डॉलर में हुए वास्तविक पूंजीगत लाभ के आधार पर कर भुगतान का विकल्प देने पर भी विचार बताया गया है।इस प्रस्ताव का उद्देश्य घरेलू निवेशकों का विश्वास बढ़ाना,विदेशी पूंजी आकर्षित करना और भारतीय शेयर बाजार की प्रतिस्पर्धात्मकता सुधारना है।हालांकि यह अभी विचार- विमर्श की खबर है, सरकार द्वारा घोषित कर कटौती नहीं।एसटीटी समाप्त करने या घटाने की कोई पुष्ट सरकारी घोषणा भी नहीं माननी चाहिए। यदि एलटीसीजी में राहत मिलती है तो बाजार की धारणा सुधर सकती है, लेकिन केवल टैक्स घटाने से कंपनियों के मुनाफे, रोजगार और वेतन वृद्धि की समस्याएं समाप्त नहीं होंगी।

साथियों बात अगर हम बैंकिंग सुधारों का रोडमैपः विकसित भारत 2047 की वित्तीय नींव को समझने की करें तो 30 अक्टूबर 2026 को केंद्र सरकार ने बजट 2026-27 में घोषित हाई लेवल कमेटी ऑन बैंकिंग फॉर विकसित भारत का गठन कर दिया। पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त सुरेश एन. पटेल को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर शिरीष चंद्र मुर्मू, इंडियन बैंक की पूर्व एमडी पद्मजा चुंडुरू और आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर एन.एस. विश्वनाथन सदस्य होंगे। समिति का कार्यकाल छह महीने है। इस समिति का उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली की कार्यप्रणाली, नियामकीय कानूनों, ग्रामीण और सहकारी बैंकों, पूंजी की जरूरत, निजी निवेश, डिजिटल बैंकिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण व्यवस्था की समीक्षा करना है। इसका प्रभाव केवल बैंकों तक सीमित नहीं रहेगा।मजबूत बैंकिंग प्रणाली उद्योगों को सस्ता ऋण, छोटे उद्यमों को पूंजी, किसानों को वित्तीय सहायता और निवेशकों को अधिक भरोसा दे सकती है। यदि छह महीने बाद ठोस और व्यावहारिक सुधारों का रोडमैप सामने आता है तो यह विकसित भारत 2047 के लिए महत्वपूर्ण संस्थागत कदम होगा।

आत्मसम्मान

उदय कशोर साह



कविता

दौलत से मत बनो खुद का धनवान ।
सबसे बड़ी धन है तेरी आत्मसम्मान ।।
राजा हो या हो रंक या फकीर ।
आत्मसम्मान से बड़ा ना है जगीर ।।

गरीब हो जग का या हो वो अमीर ।
जिन्दा रख बन्दे तुँ अपनी जमीर ।।
पैदा होगी खुद् ब -खुद की तस्वीर ।
बदल जाती है जीवन की तकदीर ।।

धुर्त्त जन से यहाँ खुद मत हो अनजान ।
दीन दुखियों की ले लो नित्य वरदान ।।
हँसता खेलता महकेगा तेरा जहान ।
मयार्दा में बनाये रख अपनी खानदान ।।

जालिम जन से मत करना तकरार ।
शैतानों से मत करना कभी इकरार ।।
वजूद को जिन्दा रखना बरकरार ।
इज्जत से मत कर जग में खिलवाड़ ।।

आशा की दीप जलाये तुँ चलना ।
पथ का बाधक कभी भी ना बनना ।।
आत्म सम्मान को रखना मेरे यार ।
मुकर ना जाना जीवन का सहकार ।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

पिलखुवा में विकास को मिलेगी नई रफ्तार, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे व्यावसायिक भवन और आधुनिक बस स्टैंड

नगर पालिका बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी, दहपा रोड और खेड़ा रोड पर होंगे व्यावसायिक भवनों का निर्माण

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह



हापुड़/पिलखुवा। नगर पालिका परिषद पिलखुवा की बोर्ड बैठक शनिवार को पालिका सभागार में चेयरमैन विभु बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नगर पालिका की आय के नए स्रोत विकसित करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभासदों की उपस्थिति में विभिन्न प्रस्तावों को बोर्ड की मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों को पिलखुवा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 86 के अंतर्गत आयोजित बैठक में सबसे पहले गत बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों पर व्यावसायिक भवनों के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। बोर्ड ने दहपा रोड और खेड़ा रोड पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत व्यावसायिक भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। इन परियोजनाओं के माध्यम से नगर में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ पालिका की आय में वृद्धि करने की योजना है। बैठक का प्रमुख आकर्षण राष्ट्रीय राजमार्ग-24 स्थित नगर पालिका के बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल बस स्टैंड एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रहा। बोर्ड ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। योजना के तहत बस स्टैंड का विकास पीपीपी मॉडल अथवा पालिका के प्रचलित नियमों के अनुसार कराया जाएगा। इसके विकसित होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही बस स्टैंड परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों का भी विस्तार होगा। दहपा रोड और खेड़ा रोड पर व्यावसायिक भवनों के निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-24 स्थित बस स्टैंड को आधुनिक स्वरूप देने की योजनाओं को नगर पालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इन परियोजनाओं से पालिका के लिए आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना है। साथ ही नगर में निवेश को प्रोत्साहन मिलने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की भी उम्मीद है। बोर्ड बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों को लेकर आगे की कार्रवाई निर्धारित नियमों और आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के अनुसार की जाएगी। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से पिलखुवा में व्यावसायिक सुविधाओं का विस्तार होगा और नगर को आधुनिक स्वरूप देने में मदद मिलेगी। बैठक में लिए गए निर्णयों से नगर के विकास कार्यों को गति देने और नगर पालिका की आय बढ़ाने की दिशा में नई पहल हुई है।

मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह



हापुड़। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 को थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा थाना प्रभारी, मिशन शक्ति टीम एवं साइबर टीम के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर जट्ट और कुचेसर चौपला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) तथा साइबर अपराध से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। इसके साथ ही कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र महिलाओं को इनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया।पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक किया। वहीं लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके, यातायात नियमों का पालन करने तथा आगामी चुनावों से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दी गईं। पुलिस टीम ने सभी से जागरूक रहने, साइबर ठगी से सावधान रहने और किसी भी आपात स्थिति में संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की।

जुगनू चौधरी बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा



नूरपुर। भारतीय जनता पार्टी संगठन में विस्तार करते हुए किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में मोहल्ला चौधरियान, नूरपुर निवासी जुगनू चौधरी को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधींद्र चौधरी ने संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। जुगनू चौधरी के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जुगनू चौधरी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और किसान मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशस्ति-पत्र देकर बढ़ाया उत्साह, बच्चों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता की दिलाई शपथ







वेलकम इंडिया संवाददाता

बिजनौर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद बिजनौर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बिजनौर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विगत एक सप्ताह से आयोजित विभिन्न वाद-विवाद एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में अधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा और प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बच्चों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता बनाए रखने तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति सदैव समर्पित रहने की शपथ भी दिलाई गई। अधिकारियों ने बच्चों को देश की एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया।

सांप को पेट्रोल डालकर जला किया वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज एक गिरफ्तार



प्रतापगढ़ (विजय द्विवेदी)। थाना दिलीपपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा सांप को अधमरा कर उस पर पेट्रोल डालकर जलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें पुलिस की जाच मे वायरल वीडियो करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। साप जलाने के वायरल वीडियो की जांच उपनिरीक्षक सुजीत कुमार यादव द्वारा की गई, जिसमें घटना की पुष्टि हुई। जिसमे आरोपी राजकुमार पुत्र जयकरन के विरुद्ध थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 0231/2026 धारा 9/51 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। आरोपी गिरफ्तार को दिलीपपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया जिसका नाम राजकुमार यादव बताया जा रहा है। पुलिस से प्राप्त सूचनानुसार गिरफ्तार अभियुक्त का राजकुमार पुत्र जयकरन, निवासी ग्राम गोपालपुर, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है जिसकी उम्र करीब 22 वर्ष है। जिसे उपनिरीक्षक सुजीत कुमार यादव, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव एवं हेड कांस्टेबल जय प्रकाश दुबे, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ ने संयुक्त कार्यवाही के दौरान गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

हमले घायल अधिवक्ता आशिक अली की एम्स में मौत परिजनो का फूटा गुस्सा सडक हुई जाम

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया



प्रतापगढ़। कुंडा तहसील क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर हुए हमले में घायल अधिवक्ता आशिक अली (उर्फ अकबर अली/मुन्ना) की रायबरेली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। विस्तृत खबर अनुसार 27 अक्टूबर को कुंडा कोतवाली क्षेत्र के दर्जियाना मजरे बरई गांव में रास्ते के विवाद को लेकर मुख्तार अहमद, उनके भाई अधिवक्ता आशिक अली और उनकी पत्नी पर हमला हुआ था। जिसमे गंभीर रूप से घायल आशिक अली को पहले प्रयागराज और फिर लखनऊ रेफर किया गया था, जिसके बाद उन्हें रायबरेली एम्स में भर्ती कराया गया था। जिनकी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। वकील आशिक अली की मौत की सूचना पर परिजनो मे भारी आक्रोश था। जिससे शनिवार को अधिवक्ता का शव कुंडा तहसील पहुंचने पर वकीलों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। शव रोड पर रख जाम लगाने के दरम्यान वकीलो ने सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। तथा आरोपियों के अवैध निर्माण/घर पर बुलडोजर चलाया जाए। तथा परिवार की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाएं। इस मामले में पुलिस ने 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मौके पर एसडीएम अजय यादव और सीओ शिव नारायण वैस सहित भारी पुलिस बल मौजूद है जो प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहा है।

'मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत नागरिकों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



लखीमपुर-खीरी। शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय 2.0) के अंतर्गत ऐतिहासिक दशहरा मेला मैदान में स्वच्छता जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे के उचित निस्तारण की जानकारी दी गई। नगर पालिका परिषद की इस पहल का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ बनाना और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। कैंप में लोगों को बताया गया कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नागरिकों को ह्यमेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी, मेरा वार्ड कचरा मुक्तह्न का संदेश दिया गया। लोगों से अपील की गई कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेंकें और उसे निर्धारित तरीके से सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराएं। नगर पालिका की ओर से जारी जागरूकता अपील में बताया गया कि घरों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग श्रेणियों में रखना स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे कचरे के सही निस्तारण में आसानी होती है और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। कैंप के माध्यम से नागरिकों को घरेलू कचरे के पृथक्करण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गीले कचरे में रसोई का कचरा, सब्जियों एवं फलों के छिलके, अंडे के छिलके और चिकन-मछली की हड्डियां शामिल हैं। इस प्रकार के कचरे से जैविक खाद तैयार की जा सकती है। सूखे कचरे में प्लास्टिक कवर, बोतलें, चिप्स एवं टॉफी के रैपर, पेपर कप, प्लेट और दूध-दही के पैकेट शामिल हैं। इस कचरे का पुनः उपयोग एवं रिसाइक्लिंग संभव है। वहीं, सैनिटरी कचरे में सैनिटरी पैड, डायपर, टूटा हुआ कांच और इंजेक्शन जैसी सामग्री को अलग रखने की आवश्यकता बताई गई। इसके अलावा रसायन, पेंट, बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को भी सामान्य कूड़े से अलग रखने की अपील की गई। नगर पालिका परिषद की ओर से नागरिकों को बताया गया कि कचरे को अलग-अलग रखने से शहर में गंदगी कम होगी और सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। गीले कचरे से खाद तैयार करने तथा सूखे कचरे के पुनः उपयोग से संसाधनों की बचत भी संभव है। कचरे का सही निस्तारण होने से नालियों में गंदगी जमा होने, दुर्गंध फैलने और आसपास के वातावरण के प्रदूषित होने की समस्या को कम किया जा सकता है। इससे शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों से ही स्वच्छता की शुरूआत करें। घरेलू कचरे को अलग-अलग रखें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं और सफाई कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करें। नगर पालिका का लक्ष्य जनभागीदारी के माध्यम से लखीमपुर-खीरी को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त शहर बनाना है। स्वच्छता जागरूकता कैंप इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वच्छता जागरूकता अभियान में सहयोगी संस्था मार्डन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की टीम ने सहभागिता की। टीम में परवीन, गोल्डी पटेल, सरिता सिंह, वर्षा, सुमित गुप्ता एवं युवराज सिंह शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों को कचरे के उचित निस्तारण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूक करने में सहयोग किया। अभियान का संदेश रहा कि जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ एवं सुंदर लखीमपुर-खीरी का सपना साकार किया जा सकता है।

सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

एचपीएलसी, उन्नत प्रयोगशाला तकनीकों, उपकरणों के संचालन एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान पर विशेषज्ञों ने दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण







हापुड़ (वेलकम इंडिया/हरेंद्र शर्मा)। जनपद के पिलखुवा स्थित अनवरपुर गांव में सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी (एससीओपी), अनवरपुर, हापुड़ द्वारा बी. वी. पटेल एजुकेशन फाउंडेशन, अहमदाबाद के सहयोग से 'द एनालिटिकल वर्कबेंच : टेक्नीक्स, टूल्स एंड ट्रबलशूटिंग' विषय पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फार्मेसी के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को आधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों, उन्नत प्रयोगशाला उपकरणों, उनकी कार्यप्रणाली, प्रभावी संचालन तथा प्रयोगशालाओं में आने वाली तकनीकी समस्याओं की पहचान एवं समाधान का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस पहल के माध्यम से प्रतिभागियों को फार्मास्युटिकल शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी दक्षता विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. नीता श्रीवास्तव, उप निदेशक, बी. वी. पटेल एजुकेशन फाउंडेशन, अहमदाबाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि एन. वरदराजन, महाप्रबंधक, सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसआईएमएस), हापुड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन डॉ. रम्या रामचंद्रन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संस्थान के नेतृत्व द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करने पर निरंतर जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आधुनिक फार्मास्युटिकल तकनीकों और प्रयोगशाला आधारित कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया।उद्घाटन सत्र में सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) नितिन कुमार ने अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने फार्मास्युटिकल शिक्षा एवं अनुसंधान में प्रयोगशाला आधारित प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों एवं तकनीकों का ज्ञान फार्मेसी के विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उपकरणों के संचालन, विश्लेषणात्मक परीक्षणों तथा प्रयोगशाला में आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होना चाहिए। कार्यक्रम में आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने तकनीकी अनुभव एवं व्यावहारिक ज्ञान को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। निशांत गौड़, सहायक प्राध्यापक, लॉयड स्कूल ऑफ फार्मेसी तथा मनोज शर्मा, उप निदेशक, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों, प्रयोगशाला प्रक्रियाओं, उपकरणों के संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण तथा फार्मास्युटिकल उद्योग में इनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त निशांत मिश्रा, रिसोर्स पर्सन, आरकेजीआईटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने भी प्रशिक्षण गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया और प्रतिभागियों को तकनीकी विषयों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझने में मार्गदर्शन प्रदान किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) सहित आधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों को विश्लेषणात्मक उपकरणों की कार्यप्रणाली, नमूनों के विश्लेषण, मेथड डेवलपमेंट, प्रयोगशाला प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण एवं गुणवत्ता आश्वासन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रयोगशालाओं में सामान्य रूप से सामने आने वाली तकनीकी समस्याओं, उपकरणों के प्रभावी संचालन, उनकी कार्यप्रणाली में आने वाली बाधाओं की पहचान तथा उनके समाधान की प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आयोजित प्रायोगिक एवं हैंड्स-ऑन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों को करीब से समझने तथा उनके प्रभावी उपयोग की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को प्रयोगशाला में वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करने के लिए तैयार करना और उनकी तकनीकी समझ को मजबूत बनाना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर अतिरिक्त प्रायोगिक सत्रों, संवादात्मक चर्चाओं एवं प्रश्नोत्तर गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा प्रयोगशाला में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतिभागियों को फार्मास्युटिकल अनुसंधान, विश्लेषणात्मक परीक्षणों, उपकरणों की विश्वसनीयता, गुणवत्ता मानकों तथा औद्योगिक प्रयोगशालाओं में अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नितिन कुमार तथा सह-संयोजक प्रोफेसर (डॉ.) सुप्रिया मैती ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, विशेषज्ञ वक्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने एवं विभिन्न गतिविधियों के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रोफेसर (डॉ.) सुप्रिया मैती ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की शैक्षणिक उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए फार्मास्युटिकल अनुसंधान, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विश्लेषणात्मक परीक्षणों में व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के समस्त प्राध्यापकों एवं संकाय सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग प्रदान किया। सभी संकाय सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों के समन्वय, प्रतिभागियों के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण सत्रों के व्यवस्थित संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अरुण कुमार ने प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया।

रन फॉर यूनिटी में मुख्यमंत्री धामी ने दिखाई हरी झंडी, पीआरडी जवानों का बढ़ेगा मानदेय

हर ग्राम पंचायत में बनेगा मुख्यमंत्री खेल क्लब, मिनी स्टेडियम और अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण की घोषणा; खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भी होगी बढ़ोतरी









वेलकम इंडिया/ओपी उनियाल

देहरादून। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दौड़ में शामिल युवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं, खिलाड़ियों और प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए खेल सुविधाओं के विस्तार और युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए उनके मानदेय में वृद्धि किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मानदेय बढ़ाने के संबंध में जल्द ही बैठक आयोजित की जाएगी। इस घोषणा से प्रदेश में पीआरडी के जवानों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं और जवानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री खेल क्लब गठित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे गांवों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के बेहतर अवसर मिलेंगे। खेल क्लबों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने देहरादून के आमवाला स्थित युवा केंद्र से सटी रिक्त भूमि को युवा कल्याण विभाग के नाम हस्तांतरित किए जाने की घोषणा की। इस भूमि पर मिनी स्टेडियम और अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। इससे युवाओं को खेलकूद के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही सेना में भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं को प्रशिक्षण की सुविधा भी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर आयोजित प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की। न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम पुरस्कार 300 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये और तृतीय पुरस्कार 150 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर प्रथम पुरस्कार 500 रुपये से बढ़ाकर 700 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 400 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 300 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये किया जाएगा। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र स्तर पर प्रथम पुरस्कार 800 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 600 रुपये से बढ़ाकर 800 रुपये और तृतीय पुरस्कार 400 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये किया जाएगा। राज्य स्तर पर भी खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि में वृद्धि की जाएगी। प्रथम पुरस्कार 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये और तृतीय पुरस्कार 700 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये करने की घोषणा की गई।

घीया मंडी में तीन मंजिला इमारत में भीषण अग्निकांड

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा। घीया मंडी इलाके में शनिवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक तीन मंजिला इमारत में अचानक भीषण आग लग गई। इमारत में नीचे टीवी रिपेयरिंग की दुकान और ऊपर मकान बना हुआ था। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और इमारत से उठती आग की लपटों ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। तस्वीरें मथुरा के घीया मंडी इलाके की हैं, जहां शनिवार को अबरार टीवी रिपेयरिंग की दुकान एवं मकान वाली तीन मंजिला इमारत में अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और इमारत में रखा सामान आग की चपेट में आने लगा। शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। भीषण आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने आग की भयावहता को देखते हुए मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के चलते दुकान और मकान में रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस भीषण अग्निकांड में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, रिहायशी इलाके में तीन मंजिला इमारत में लगी आग ने एक बार फिर सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिलाधिकारी सी.पी. सिंह ने कलक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

कार्यालयों में अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव पर दिया जोर, निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराने के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों, पटलों, अनुभागों, निमार्णाधीन कक्षों और पार्कों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, पेयजल, पार्किंग और निर्माण कार्यों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलक्ट्रेट परिसर के सभी कार्यालयों में बेहतर साफ-सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक तथा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे के कार्यालयों के आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने परिसर में असमतल भूमि को समतल कराने, अनुपयोगी एवं निष्क्रिय वस्तुओं को नियमानुसार हटवाने तथा क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग को ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलक्ट्रेट परिसर में कहीं भी अव्यवस्था दिखाई नहीं देनी चाहिए। वाहनों की पार्किंग भी निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित ढंग से कराई जाए। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के समीप निमार्णाधीन कक्षों का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाए। किसी भी स्तर पर निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय, नजारत, अभियोजन कार्यालय के निकट स्थित पार्क, संग्रह अनुभाग, नगरीय निकाय अनुभाग, विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी कार्यालय और शस्त्र अनुभाग सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्कों में लगे पौधों एवं पेड़ों की नियमित छंटाई कराने, घास की समय-समय पर कटाई करने तथा पार्कों की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के आसपास के पार्कों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए, ताकि कलक्ट्रेट परिसर का वातावरण बेहतर बना रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यालयों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराई गई नई अलमारियों, बेंच, कुर्सियों और मेजों की स्थिति भी देखी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय के सामने स्थित पार्क के चारों ओर लगाई जा रही लोहे की ग्रिल के कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया और सभी शौचालयों में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने को कहा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में सरकारी अभिलेखों को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से रखा जाए। अनावश्यक एवं अनुपयोगी फाइलों को नियमानुसार कार्यालयों से हटाया जाए, ताकि जरूरी अभिलेखों को खोजने और उनके रख-रखाव में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कलक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था और बेहतर कार्य वातावरण बनाए रखना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

जू. हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति के लिए ज्येष्ठता सूची जारी करने की मांग

17 वर्षों से पदोन्नति का इंतजार, शिक्षकों में बढ़ रहा आक्रोश; बीएसए को सौंपा पत्रक

वेलकम इंडिया संवाददाता







संतकबीरनगर। जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के अनेक पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। इसके बावजूद पिछले 17 वर्षों से प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति नहीं होने से शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में अंबिका देवी यादव और केसी सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्रक सौंपकर उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति के लिए शीघ्र ज्येष्ठता सूची जारी करने तथा प्रमोशन प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि सचिव, बेसिक शिक्षा के निदेर्शानुसार परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों की पदोन्नति के लिए 23 अक्टूबर 2026 तक ज्येष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना निर्धारित था। इसके क्रम में जनपद के कुछ विकासखंडों में प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर आपत्तियां मांगी जा रही हैं, लेकिन प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की वरिष्ठता निर्धारण को लेकर अभी तक जिला स्तर से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आसपास के जनपदों सहित प्रदेश के अन्य जिलों में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची के अनंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया चल रही है, जबकि संतकबीरनगर में इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के कई पद रिक्त होने के बावजूद लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने से संबंधित शिक्षकों में असंतोष है। शिक्षकों ने मांग की है कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की ज्येष्ठता निर्धारित कर वरिष्ठता सूची शीघ्र प्रकाशित की जाए, ताकि रिक्त प्रधानाध्यापक पदों पर नियमानुसार पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी हो सके। इस मांग का समर्थन करने वालों में अंबिका देवी यादव, केसी सिंह, जफीर अली, जयभान चौधरी, मोहम्मद आजम, मोहम्मद शोएब अख्तर, अरुण कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार चौधरी, उदय प्रताप यादव, विपिन कुमार वर्मा, राज कुमार शुक्ला, रामकरन पासवान, प्रमोद कुमार पाठक, अब्दुल रसीद, रामसरन यादव, अखिलेश चंद, सुहेल अहमद, इजहार अहमद सहित अन्य शिक्षक शामिल हैं।

अडींग-भवनपुरा मार्ग पर सालों से भरा गंदा पानी, इसी से होकर स्कूल जाने को मजबूर मासूम बच्चे

हल्की बारिश में तालाब बन जाती है सड़क, जहरीले कीड़ों और बीमारियों के खतरे के बीच गुजर रहा बच्चों का बचपन

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा। विकास खंड गोवर्धन के गांव अडींग से भवनपुरा जाने वाला मार्ग वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। सड़क पर भरा गंदा पानी जहां ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, वहीं इस रास्ते से गुजरने वाले स्कूली बच्चों की मुश्किलें देखकर भी जिम्मेदारों की अनदेखी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विडंबना यह है कि इसी मार्ग पर दो विद्यालय भी स्थित हैं, जहां पढ़ने जाने वाले मासूम बच्चों को रोजाना गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। बच्चों के हाथों में किताबें और आंखों में बेहतर भविष्य के सपने हैं, लेकिन विद्यालय पहुंचने के रास्ते में उन्हें गंदगी और जलभराव जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हल्की बारिश होते ही यह मार्ग तालाब का रूप ले लेता है। सड़क पर लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण उसमें जहरीले कीड़े-मकोड़े आने का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में बच्चों के साथ किसी अनहोनी की आशंका से अभिभावक भी चिंतित रहते हैं। वहीं गंदे पानी और आसपास फैली गंदगी से संक्रामक बीमारियां फैलने का डर भी बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय जाने वाले बच्चों को इसी रास्ते से होकर निकलना पड़ता है। कई बार जलभराव के कारण रास्ते से गुजरना बेहद मुश्किल हो जाता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ी समस्या वर्षों से बनी हुई है, तो अब तक इसका स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पाया। स्थानीय लोगों और विद्यालय प्रबंधकों द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव मनीष भंडारी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि अडींग-भवनपुरा मार्ग पर जलभराव की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। ग्रामीणों और विद्यालय के बच्चों को हो रही परेशानी को देखते हुए मौके की स्थिति का जायजा लेकर समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास किए जाएंगे, ताकि बच्चों और ग्रामीणों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

जनपद में भारतरत्न लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी

वेलकम इंडिया संवाददाता



संतकबीरनगर। राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सत्य प्रकाश ने सरदार बल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। अपर जिलाधिकारी ने सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाए जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकों को शपथ दिलाते हुए कहा *ह्यह्यमैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूँ। अपर जिलाधिकारी ने लौह पुरूष के जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजली होगी। इस अवसर पर प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी अभय सिंह राजपूत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव, डीपीओ सतीश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, जनगणना सहायक अभय चौधरी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

एनएच-19 पर भीषण सड़क हादसा, कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत में कई यात्री घायल



वेलकम इंडिया संवाददाता

वृंदावन (मथुरा)। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर वृंदावन के जैत थाना क्षेत्र के पास कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि कार में सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर जैत थाना क्षेत्र के पास कार और ट्रक आमने-सामने आ गए, जिसके बाद दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार कई लोगों के घायल होने की सूचना है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने तत्काल स्थिति संभालते हुए घायलों को सहायता उपलब्ध कराई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही हादसे से जुड़ी अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं। फिलहाल घायलों की सही संख्या, उनकी हालत और दुर्घटना के विस्तृत कारणों की आधिकारिक जानकारी सामने आने का इंतजार है।

साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को मेंहदावल पुलिस ने वापस दिलाए 1.09 लाख रुपये

क्रैक साइबर क्राइम अभियान: पुलिस की कार्रवाई, मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए गए थे 3.98 लाख रुपये

वेलकम इंडिया संवाददाता



संतकबीरनगर। साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत मेंहदावल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। साइबर हेल्प डेस्क थाना मेंहदावल की टीम ने साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को राहत दिलाते हुए उसके खाते में 1,09,555.76 रुपये की धनराशि वापस कराई है। पीड़ित का मोबाइल हैक कर अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक खाते से कुल 3,98,000 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मेंहदावल थाना क्षेत्र के निवासी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र रामदेव प्रसाद के साथ हुई साइबर ठगी के मामले में पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क ने प्रभावी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, पीड़ित सुनील कुमार गुप्ता का मोबाइल फोन हैक कर अज्ञात साइबर अपराधी ने उनके बैंक खाते से 3,98,000 रुपये निकालकर धोखाधड़ी की थी। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में शिकायत संख्या 33106260127934 पंजीकृत की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना मेंहदावल की टीम तत्काल सक्रिय हुई। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव, आरक्षी संदीप कुमार गौतम, आरक्षी सौरभ कुमार, आरक्षी अमित कुमार और महिला आरक्षी अंशिका तिवारी शामिल रहे। टीम ने संबंधित बैंक से संपर्क स्थापित कर तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से ठगी गई धनराशि में से 1,09,555.76 रुपये को होल्ड कराया।

शैलेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में चंदन राय ने लूटी महफिल, देर रात तक गूंजता रहा रामलीला मेला

देशभर के कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती





पूरनपुर/पीलीभीत। रामलीला मेले में शुक्रवार की शाम साहित्य और काव्य के नाम रही। रामलीला मेला कमेटी की ओर से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल देर रात तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। हास्य, व्यंग्य, प्रेम, रिश्तों और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविताओं ने श्रोताओं को कभी हंसाया तो कभी भावुक कर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मुंबई से पहुंचे मशहूर कवि चंदन राय रहे, जिनकी प्रस्तुतियों पर श्रोता देर रात तक अपनी जगहों पर जमे रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनागरी उत्थान परिषद के अध्यक्ष पंडित राम अवतार शर्मा ने की। कवि सम्मेलन में मुंबई के चंदन राय, रायबरेली के नीरज पांडेय, प्रतापगढ़ की प्रीति पांडेय, लखनऊ के प्रख्यात मिश्रा, बाराबंकी के प्रमोद पंकज, पीलीभीत के जितेश राज, बहेड़ी की नेहा मिश्रा, बरेली की सुल्तान जहां और उज्जैन के हिमांशु शर्मा बवंडर ने अपनी काव्य रचनाओं से महफिल को यादगार बना दिया।रात करीब दस बजे मंच पर पहुंचे चंदन राय ने अपनी विशिष्ट काव्य शैली और भावपूर्ण अंदाज से श्रोताओं को बांध लिया। उनकी रचनाओं में प्रेम, रिश्तों की संवेदनाएं और जिंदगी की सच्चाइयां झलकीं। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से मानवीय भावनाओं को बेहद सहज अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी पंक्तियों पर पंडाल तालियों से गूंज उठा। श्रोताओं की फरमाइश पर उन्होंने एक के बाद एक कई गीत और कविताएं सुनाईं। उनकी प्रस्तुति ने महफिल में ऐसा रंग जमाया कि देर रात तक लोग अपनी कुर्सियों पर डटे रहे। अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। किसी ने हास्य और व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर चोट की तो किसी ने प्रेम और रिश्तों की गहराइयों को शब्दों में पिरोया।

कवियों की शानदार प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में मेला कंट्रोलर तहसीलदार आशीष गुप्ता, संयोजक मुकेश गुप्ता एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा एडवोकेट, देव शर्मा विचित्र,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, पंडित राजेंद्र प्रसाद, अमित मिश्रा, संजय सक्सेना, सुशील सक्सेना, त्रिभुवन शर्मा, शुभांकर सिंह, दिनेश वर्मा कनक, धनंजय मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, नदीम खान, राजेश मौर्य, धीरज शर्मा और विशाल पांडेय सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कवि सम्मेलन ने रामलीला मेले की सांस्कृतिक शाम को यादगार बना दिया।

सरदार पटेल की जयंती पर भाषण एवं गोष्ठी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

राजदीप पांडेय ने प्रथम और शिवे शर्मा ने हासिल किया द्वितीय स्थान

वेलकम इंडिया पीलीभीत



पीलीभीत। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, उनके संघर्ष, राष्ट्र के प्रति योगदान और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार व्यक्त किए।प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र राजदीप पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा शिवे शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी विद्यालय के छात्र अथर्व मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इसके अलावा सलीना, लक्ष्मी, रेखा, तान्या वर्मा, प्रिया वर्मा और रिया राजपूत को भी सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय बरहा के बच्चों ने कोमल पार्टी के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।जनपदीय नोडल अधिकारी इंतजार खान ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को उनके व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

पीटी डिस्प्ले, योग, एरोबिक्स और भांगड़ा की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

सेंट मैरी स्कूल में आठवां वार्षिक खेलकूद समारोह धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया संवाददाता



अमरिया/पीलीभीत। सेंट मैरीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को आठवां वार्षिक खेलकूद समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का माहौल नजर आया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेव फादर ग्रेगरी मस्कारेनस, मैनेजर सेंट जोसेफ स्कूल पूरनपुर रहे। उनके साथ सिस्टर मैग्डलीन, सिस्टर वैलेरिया और सिस्टर नैन्सी की उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने आकाश लालटेन उड़ाकर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने पीटी डिस्प्ले, योग, योग नृत्य और एरोबिक्स के जरिए शारीरिक दक्षता, अनुशासन और सामूहिक एकता का परिचय दिया। वहीं पंजाबी विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत जोशीले भांगड़ा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया।100 मीटर सीनियर बालक दौड़ में ललित ने प्रथम, अकमल ने द्वितीय और सुखजोत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में सुखमनी प्रथम, सुखप्रीत द्वितीय और वाफी तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग की रिले रेस में रेड हाउस ने पहला, येलो हाउस ने दूसरा और ग्रीन हाउस ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका रिले रेस में ग्रीन हाउस प्रथम और ब्लू हाउस द्वितीय रहा।

रस्साकशी प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस, सीनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस, जूनियर बालक वर्ग में ग्रीन हाउस और जूनियर बालिका वर्ग में येलो हाउस विजेता बना।समारोह के समापन पर रेव फादर जूलियन पिंटो ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया और अनुशासन, टीम भावना तथा निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया।विद्यालय की प्रधानाचार्या मिस सारिता पिंटो ने अतिथियों, सिस्टर्स, शिक्षकों, विद्यार्थियों और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का गरिमामय समापन हुआ।

एएमयू-जामिया में 14 बच्चों की सफलता से बढ़ा ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम का भरोसा

गरीब और मेधावी बच्चों के सपनों को मिल रही नई उड़ान, एक नवंबर से निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

वेलकम इंडिया संवाददाता



पीलीभीत। आर्थिक तंगी अब प्रतिभाशाली बच्चों की उच्च शिक्षा में बाधा न बने, इसी उद्देश्य से शुरू की गई ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम की शैक्षणिक पहल लगातार सफलता की नई इबारत लिख रही है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया जैसी प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिलाने के लिए यहां दी जा रही निःशुल्क कोचिंग अभिभावकों के बीच पहचान बना चुकी है। नए सत्र के लिए एक नवंबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो रही है।इस पहल की शुरूआत पीलीभीत के सीमावर्ती गांव कुर्रा में जन्मे मोहम्मद अफरोज ने की थी। स्वयं कठिन परिस्थितियों का सामना कर शिक्षा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले अफरोज ने विदेश में रहने के बावजूद अपनी जन्मभूमि से जुड़ाव बनाए रखा। उन्होंने जरूरतमंद बच्चों को घर-घर जाकर तलाशने और उन्हें निःशुल्क शिक्षा, किताबें तथा जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास शुरू किया। धीरे-धीरे यह व्यक्तिगत प्रयास सामाजिक अभियान में बदल गया। इसमें लक्ष्मीकांत शर्मा, पंकज अग्रवाल, एसपीएस संधू, मुरली मनोहर अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री, कमर इकबाल और एमए जिलानी सहित कई लोगों का सहयोग मिला। इसके बाद खकरा क्षेत्र में विधि महाविद्यालय के पास ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम की स्थापना की गई।संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, पिछले सत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कक्षा छह, नौ और 11वीं की प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले 50 बच्चों में से 14 ने सफलता हासिल की। इस उपलब्धि ने जरूरतमंद परिवारों में नई उम्मीद जगाई है।छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्थान में अत्याधुनिक, इंटरनेट सुविधा युक्त और वातानुकूलित निःशुल्क डिजिटल पुस्तकालय भी शुरू किया गया है। यह पुस्तकालय 24 घंटे छात्राओं के लिए उपलब्ध कराया गया है। संस्थान के प्रतिनिधि एमए जिलानी ने बताया कि एक नवंबर से कोचिंग के आवेदन पत्र मिलने शुरू होंगे। 17 नवंबर को आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। चयनित बच्चों की नियमित निःशुल्क कक्षाएं एक दिसंबर से शुरू होंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि आर्थिक अभाव के चलते बच्चों की प्रतिभा को रुकने न दें और इस अवसर का लाभ उठाएं।

बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, पूरनपुर मंडी में भीगा धान

तौल के इंतजार में खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा अनाज

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। मौसम की मार और धान खरीद व्यवस्था की सुस्ती किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। पूरनपुर मंडी समिति में धान की तौल कराने के इंतजार में खुले आसमान के नीचे रखा किसानों का धान बारिश की चपेट में आकर भीग गया। कई दिनों की मेहनत से तैयार की गई फसल को इस तरह पानी में भीगता देखकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों को अब धान की गुणवत्ता खराब होने और आर्थिक नुकसान की आशंका सता रही है। मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। क्रय केंद्रों पर तौल की प्रक्रिया में देरी के चलते किसानों को अपनी उपज लेकर इंतजार करना पड़ रहा है। जगह की कमी और पर्याप्त सुरक्षित भंडारण व्यवस्था नहीं होने के कारण धान खुले में पड़ा रहता है। इसी बीच हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। किसानों का कहना है कि धान तैयार करने में खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च करना पड़ता है। इसके बाद जब फसल बेचने की बारी आती है तो तौल के लिए कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है। खुले में रखे धान को बारिश से बचाने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। भीगे धान को सुखाने के लिए भी किसानों को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी में धान की तौल प्रक्रिया तेज कराई जाए और खुले में रखी उपज को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल तथा सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था की जाए। साथ ही खरीद केंद्रों पर किसानों को अनावश्यक इंतजार न कराया जाए। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद व्यवस्था का लाभ तभी मिलेगा, जब समय से तौल और भुगतान सुनिश्चित हो। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर लापरवाही की जांच कराने और किसानों की उपज सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

पटेल जयंती पर 66 मेधावी विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, चार को मिली 20 हजार की पुरस्कार राशि

वेलकम इंडिया संवाददाता



बरेली। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से ब्रह्मपुरा स्थित सरदार पटेल स्मारक कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ समाज के वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में कुल 66 लोगों को सम्मान प्रदान किया गया। इनमें यूपी बोर्ड के 18, सीबीएसई के 34 और स्नातक स्तर के पांच मेधावी विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अलावा समाज के नौ वरिष्ठ नागरिकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले चार विद्यार्थियों को पांच-पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इनमें सीबीएसई इंटरमीडिएट में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली मानवी पटेल, हाईस्कूल में 97.66 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली प्रभा, यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में 82 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले गौरव गंगवार और हाईस्कूल में 95 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली हर्षिता पटेल शामिल हैं। चारों विद्यार्थियों को कुल 20 हजार रुपये की धनराशि देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचीं राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति शिक्षा से ही संभव है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करना उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और अन्य बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का सराहनीय प्रयास है। कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट केपी सेन गंगवार ने कहा कि सभा समाज में एकता, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा मिलती है। समारोह में समाज के नौ वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पटेल स्मारिका के 25वें संस्करण का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, नवाबगंज विधायक एमपी आर्य, नरेंद्र पाल सिंह, योगेश पटेल, कृष्ण गोपाल गंगवार, सीएल गंगवार, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, एडवोकेट चंचल गंगवार, बीपी सिंह, अतुल गंगवार और जेपी गंगवार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष एडवोकेट केपी सेन गंगवार के नेतृत्व में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, महामंत्री रामऔतार गंगवार, आरसी लाल, मूलचंद गंगवार, कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार, ऑडिटर एडवोकेट मनोज बाबू गंगवार और मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार सहित कार्यकारिणी के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अरविंद पटेल, विद्याराम गंगवार, ओमकार गंगवार, मुनेन्द्र सिंह गंगवार, राजेश गंगवार, डॉ. उग्र सेन गंगवार, युधिष्ठिर प्रसाद गंगवार, कृष्ण पाल सिंह, अमित गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार गंगवार, शक्ति सिंह राठौर, तेज पाल गंगवार, भानु प्रताप गंगवार, मनोहर लाल गंगवार, प्रमोद कुमार सिंह, भद्र पाल गंगवार और महेश चन्द्र पटेल समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली भव्य रैली, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के नारों से गूंजा सौंख

बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम, चेयरमैन सुरेश सिंह ने दिलाई राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ

वेलकम इंडिया संवाददाता



सौंख/गोवर्धन। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बाबा कढ़ेरा सिंह आवासीय विद्या मंदिर, नगला-अखा (सौंख) के एनसीसी कैडेट्स ने 31 अक्टूबर को भव्य एकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। रैली सुबह करीब नौ बजे विद्यालय परिसर से शुरू हुई। हाथों में तिरंगा और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती तख्तियां लेकर कैडेट्स अनुशासित कदमताल के साथ आगे बढ़े। इस दौरान 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'राष्ट्रीय एकता जिंदाबाद' और 'सरदार पटेल अमर रहें' जैसे नारों से सौंख कस्बा गूंज उठा। रैली मुख्य बाजार, बस स्टैंड और थाना रोड से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने पुष्प वर्षा कर कैडेट्स का स्वागत किया। रैली के समापन पर विद्यालय परिसर में सभा आयोजित की गई। विद्यालय के चेयरमैन सुरेश सिंह ने कैडेट्स, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस से 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। युवाओं को उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्जुन शर्मा ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति और सेवा भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्रबंधक प्रहलाद सिंह, शिक्षा प्रभारी एसवी सिंह, एनसीसी अधिकारी चंद्रेश यादव, समन्वयक बिपिन सिंह, डॉ. अशोक, योगेश, रामानंद, रामवीर, रोहताश, ओमप्रकाश सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, एसडीएम से लगाई बंद कराने की गुहार

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के चंदुइया गांव में शराब और बीयर की दुकानें बंद कराने की मांग को लेकर महिलाओं ने एक बार फिर प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे महिलाएं एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और शिकायत पत्र देकर गांव में संचालित दोनों दुकानों को बंद कराने की मांग उठाई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब की आसानी से उपलब्धता के चलते गांव के युवा ही नहीं, नाबालिग बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे गांव का सामाजिक माहौल लगातार प्रभावित हो रहा है।शिकायती पत्र में महिलाओं ने बताया कि गांव में करीब दो वर्षों से शराब और बीयर की दुकानें संचालित हो रही हैं। उनका आरोप है कि शराब पीने के बाद कुछ लोग घरों में विवाद करते हैं और सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाते हैं। चोरी जैसी घटनाओं की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।इससे महिलाओं, बच्चों और अन्य ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि शराब की दुकानों के कारण नई पीढ़ी का भविष्य प्रभावित होने की आशंका है।महिलाओं के मुताबिक, बीती 13 सितंबर को गांव की खुली बैठक में शराब की दुकानें बंद कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद 17 सितंबर को महिलाओं ने धरना देकर विरोध जताया था। उस समय तत्कालीन एसडीएम ने एक महीने के भीतर दुकान हटवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं ने प्रशासन से शराब और बीयर की दुकानों को बंद कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगी। इस दौरान कंचनवती, अनामिका, मीना, उषा, बसंती, मुनीम और हेमा यादव सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। अब देखना होगा कि महिलाओं की शिकायत पर प्रशासन क्या कदम उठाता है।

कृषि निर्यात क्लस्टर गठन में देरी पर सीडीओ सख्त, एक माह में आलू-मक्का क्लस्टर तैयार करने के दिये निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता



बुलंदशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के तहत कृषि निर्यात क्लस्टर सुविधा इकाई (सीएफयू) की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने और लंबित क्लस्टरों का गठन समय से पूरा कराने को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक ने बताया कि बासमती धान के लिए आवंटित तीन लक्ष्यों के सापेक्ष तीन कृषि निर्यात क्लस्टरों का गठन किया जा चुका है। इनमें पीएसजेजी एफपीओ, सात्विक बायो एनर्जी एफपीओ और अल्फान्सो सयाना मैंगो वैरायटी एफपीओ शामिल हैं। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद राज्य स्तरीय समिति ने इन्हें घोषित कर दिया है। जनपद में बासमतीनेट पर 37 और हार्टीनेट पोर्टल पर 31 किसानों का पंजीकरण कराया गया है। बासमती जीआई के अधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में कृषि विभाग ने 37 किसानों तथा मंडी समितियों ने व्यापारियों के 192 आवेदन पूर्ण कराए हैं। वहीं, 'खुर्जा की खुरचन' के जीआई पंजीकरण की प्रक्रिया तकनीकी फैसिलिटेटर पद्मश्री डॉ. रजनीकांत द्विवेदी के स्तर पर आगे बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सात्विक बायो और आयाम प्रोजेक्ट्स सहित विभिन्न एफपीओ यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, इंडसफूड, गल्फ फूड दुबई और फ्रूट लॉजिस्टिका जर्मनी जैसे अंतरराष्ट्रीय मेलों में भागीदारी कर रहे हैं। एफपीओ प्रतिनिधियों को एनआईएएम जयपुर, मैनेज हैदराबाद और जैन इरिगेशन जलगांव में निर्यात प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट भी कराई गई हैं। बैठक में नागर बंधु फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और पुष्प रस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया। नागर बंधु एफपीओ के प्रतिनिधि ने बताया कि क्लस्टर के लिए प्रस्तावित क्षेत्रफल में कम रह गई भूमि की पूर्ति कर आलू और मक्का के कृषि निर्यात क्लस्टर का प्रस्ताव एक माह के भीतर तैयार कर विभाग को भेज दिया जाएगा। एपीडा प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभागीय योजनाओं, वित्तीय एवं तकनीकी सहायता की जानकारी दी। उन्होंने एफपीओ के माध्यम से निर्यातोन्मुखी उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए हार्टीनेट पंजीकरण, आयात-निर्यात कोड (आईईसी) और आरसीएमसी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा मानकों, आधुनिक पैकेजिंग, ट्रैसेबिलिटी और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग को मक्का और सरसों तथा उद्यान विभाग को आलू, आम एवं ताजी हरी सब्जियों के आवंटित कृषि निर्यात क्लस्टरों का गठन जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

बुगरासी चौकी पर मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, पुलिसकर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

वेलकम इंडिया संवाददाता





बुगरासी (बुलंदशहर)। शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर बुगरासी चौकी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक देवेंद्र पाल सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक देवेंद्र पाल सिंह ने सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि देश की एकता और सुरक्षा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना के साथ राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। पुलिसकर्मियों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और देशवासियों के बीच एकता एवं सद्भाव का संदेश पहुंचाएंगे।

निमार्णाधीन पुल का डिवाइडर तोड़कर नीचे गिरा लोहे की चादरों से भरा ट्रक

डिबाई में एनएच-509 पर देर रात हुआ भीषण हादसा, केबिन में फंसे चालक को पुलिस ने बमुश्किल निकाला

वेलकम इंडिया संवाददाता



डिबाई। नेशनल हाईवे-509 पर नीम नदी के निमार्णाधीन पुल पर रात्रि करीब एक बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लोहे की चादरों से भरा एक ट्रक पुल के डिवाइडर को तोड़ता हुआ नीचे जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद ट्रक की केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस स्थान पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, लेकिन एनएचएआई अधिकारियों की लापरवाही के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नीम नदी का यह पुल पिछले करीब तीन वर्षों से आवागमन के लिए बंद पड़ा है। वाहनों के निकलने के लिए पुल के बराबर में एक वैकल्पिक रास्ता बनाया गया था, लेकिन आरोप है कि पिछले छह महीनों से उसे भी तोड़कर छोड़ दिया गया है। निर्माण कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि हादसे वाले स्थान से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर वाहनों से भारी-भरकम टोल टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि हाईवे पर बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जब तक नीम नदी के पुल का निर्माण कार्य पूरा कर आवागमन सुचारु नहीं किया जाता, तब तक वाहन चालकों से टोल टैक्स की वसूली बंद की जाए, ताकि उन्हें अधूरी सड़क व्यवस्था के बीच टोल देने की मजबूरी न रहे।

चार सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर दी गई विदाई

एसपी ग्रामीण अंतरिक्ष जैन ने घड़ी, शॉल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता



बुलंदशहर। जनपद पुलिस विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद शनिवार को चार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों के सेवाकाल में किए गए कार्यों और विभाग के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण अंतरिक्ष जैन ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने एवं ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले पुलिसकर्मियों को घड़ी, शॉल, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति-पत्र और उपहार भेंट किए। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनकी सेवाएं महत्वपूर्ण रही हैं। उन्होंने पूरी निष्ठा, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया तथा विभाग की कार्यप्रणाली में अपना योगदान दिया। एसपी ग्रामीण ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद जीवन की एक नई शुरूआत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पुलिसकर्मी आगे भी अपने अनुभवों से समाज को सकारात्मक दिशा देने में योगदान देते रहेंगे।

समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक अजय श्रीवास्तव सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त होने वालों में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सुरेश बाबू, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस वीरेन्द्र पाल सिंह, आरक्षी फायरमैन दरवेन्द्र सिंह तथा फालवर इलियास शामिल हैं। पुलिस विभाग की ओर से सभी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

कोतवाली रूदौली में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



फतेह खान/वेलकम इंडिया

शूजागंज/अयोध्या। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को कोतवाली रुदौली परिसर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इसके उपरांत उपस्थित अपराध निरीक्षक अब्दुल रहमान ने उपनिरीक्षक गण एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर समस्त चौकी प्रभारी गण उपनिरीक्षक, समस्त कांस्टेबल एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मिठाई के वजन के साथ डिब्बे का वजन अलग रखने की अपील, शिकायत मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई: एसडीएम

त्योहारों पर मिलावट और अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सख्त, व्यापारियों को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता



शिकारपुर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम प्रतीक्षा पांडे ने की। इसमें व्यापार मंडल के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम, बाजारों में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने अधिकारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मानकों का पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि मिठाई बेचते समय मिठाई के वजन के साथ डिब्बे का वजन शामिल न करें, बल्कि डिब्बे का वजन अलग रखकर ही मिठाई तौलें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरणों सहित सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने और बाजारों में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में व्यापारियों से भी सुझाव लिए गए। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में बेहतर व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए व्यापारियों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई, ताकि आमजन को त्योहारों के दौरान शुद्ध खाद्य पदार्थों के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल मिल सके।

राशन डीलर पर घटतौली और अभद्रता का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



वेलकम इंडिया संवाददाता

शिकारपुर (बुलंदशहर)। तहसील क्षेत्र के गांव रिवाड़ा में राशन वितरण में घटतौली और पात्रों को राशन नहीं देने का मामला सामने आया है। शनिवार को गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने राशन डीलर के खिलाफ एसडीएम प्रतीक्षा पांडे को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत के साथ करीब एक दर्जन लोगों के शपथ पत्र भी संलग्न किए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन डीलर निर्धारित मात्रा से कम राशन देता है। विरोध करने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता की जाती है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की। शिकायत पर एसडीएम प्रतीक्षा पांडे ने जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी दो दर्जन से अधिक लोग जिलाधिकारी बुलंदशहर को शपथ पत्र देकर राशन डीलर के खिलाफ शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

प्रतिभाओं के मंच से कैंसर पीड़ित बच्चों की मदद को जुटाई धनराशि

लायंस लव प्रयागराज प्रमिला का 'निर्मल 2.0' आयोजित, 150 से अधिक प्रतिभागियों ने सिंगिंग, डांसिंग और रैंप वॉक में दिखाया हुनर





वेलकम इंडिया संवाददाता

प्रयागराज। पीडियाट्रिक कैंसर से पीड़ित बच्चों के इलाज में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लायंस लव क्लब प्रयागराज प्रमिला की ओर से शनिवार को केजीएफ विला में फंड रेजिंग टैलेंट सर्च कार्यक्रम 'निर्मल 2.0' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन से एकत्रित होने वाली संपूर्ण धनराशि कैंसर पीड़ित बच्चों के उपचार में खर्च की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पीएमजेएफ उदय चंदानी रहे। आयोजन के दौरान सिंगिंग, डांसिंग और रैंप वॉक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कला, आत्मविश्वास और रचनात्मकता से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में मिस प्रयागराज, मिसेज प्रयागराज और गोल्डन ग्रेस जैसी श्रेणियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं सिंगिंग और डांसिंग प्रतियोगिताओं को ए, बी और सी कैटेगरी में विभाजित किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रैंप शो की निर्णायक जया मिश्रा और राजश्री मिश्रा रहीं। वहीं अन्य प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन राधा सक्सेना, मिश्र बंधु और शुभ्रा चतुर्वेदी ने किया।

इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन लायन माधवी अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन लायन सुनीता चौधरी, फाउंडर लायन तृप्ति पवार, अध्यक्ष लायन आयुषी अग्रवाल, सचिव लायन जया मनोहर और कोषाध्यक्ष लायन मुमल सिंह सहित लायंस परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इनके अलावा आकांक्षा जायसवाल, रजनी द्विवेदी, सुमैया आलम, अलका धवन, कीर्ति आर्या, विनीता सिंह, सोनल अग्रवाल, शालिनी गौतम, धनांशी अग्रवाल, हृतिक शर्मा और विनीता केसरवानी ने भी सहभागिता की। लियो क्लब रेनबो की अध्यक्ष लियो पार्णिका सिंह के नेतृत्व में लियो श्रेयस द्विवेदी, प्रतीक्षा द्विवेदी, आराध्या प्रकाश, श्रद्धा गौतम, आद्या मनोहर और शांभवी शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर पालिका में किया गया माल्यार्पण





वेलकम इंडिया संवाददाता

शिकारपुर। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार, 31 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद शिकारपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुश्री नीतू सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के कार्यालय कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

मोदी शुगर मिल्स का पेराई सत्र का शुभारम्भ हर्षोल्लास एवं मन्त्रोचारण के साथ किया गया

अनिल वशिष्ठ





मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। मोदी शुगर मिल्स मोदीनगर का पेराई सत्र 2026-27 का शुभारम्भ हर्षोल्लास एवं मन्त्रोचारण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री कोमल पंवार उपजिलाधिकारी मोदीनगर रहीं। मन्त्रोंचारण के पश्चात केन कैरियर चैन में गन्ना डालकर पेंराई सत्र का शुभारम्भ किया गया।

चैन में गन्ना डालने में उप जिलाधिकारी के अतिरिक्त श्रीमति सुचेता सिंह, ब्लाक प्रमुख भोजपुर और गन्ना समिति, मोदीनगर के चैयरमेन राजन चौधरी, एन०पी०बंसल चीफ एक्जीक्यूटिव, उपाध्यक्ष वेदपाल सिंह मलिक, महाप्रबन्धक पी०आर० डी०डी०कौशिक, महाप्रबन्धक (गन्ना) राहुल त्यागी तथा गणमान्य कृषकों में चौधरी नेपाल सिह, सतपाल तेवतिया, भारतीय किसान यूनियन के ओमपाल सिह,बिट्टू खंजरपुर, दीपक त्यागी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मोदीनगर द्वारा मिल गेट पर प्रथम ट्रेक्टर ट्रॉली से गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषक श्योराज सिंह निवासी ग्राम जलालाबाद को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया तथा राजन चौधरी चैयरमेन गन्ना समिति, मोदीनगर द्वारा द्वितीय पुरूस्कार कृषक सुरेन्द्र निवासी ग्राम सीकरी कलॉ का माल्यार्पण करके नकद पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष वेदपाल सिंह मलिक ने अवगत कराया कि पेराई सत्र 2026-27 में चीनी मिल द्वारा 95 लाख कुन्टल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। चीनी मिल का पेराई सत्र 2026-27 दिनांक 04-11-2026 से प्रारम्भ होगा।

इस अवसर पर सुश्री कोमल पंवार उपजिलाधिकारी मोदीनगर द्वारा अनौपचारिक बातचीत में मोदी शुगर मिल्स के संस्थापक रायबहादुर गूजरमल मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री मोदी उद्योगपति ही नहीं थे, उन्होने मोदीनगर में उद्योगों के साथ साथ मोदीनगर टाउनशिप की स्थापना भी की।

उन्होने सेठ उमेश कुमार मोदी द्वारा पेराई सत्र 2025-26 का सम्पूर्ण भुगतान करने पर उनकी प्रशंसा की तथा उनके द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्य जैसेः निःशुल्क चिकित्सा एवं प्रतिदिन भण्डारे आदि की प्रशसा की।

लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अनिल वशिष्ठ



मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, पूर्व उप प्रधानमंत्री, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर वार्ड-04, सिकरी खुर्द, मोदीनगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद, मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की सैकड़ों रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। देश की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है और सदैव हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। कार्यक्रम में सरदार पटेल विचार समिति के अध्यक्ष विकल सिंह, पूर्व अध्यक्ष कटार सिंह अधाना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबली गुर्जर, दुष्यंत यादव, गुलाब सिंह, हरबीर गुज्जर, मोनू धामा, तिलकराज अधाना, तेजपाल पोसवाल, करतार सिंह विधूड़ी, कालू, राहुल चंदेला, राजकुमार चंदेला, ओमबीर दारोगा जी, इंद्राज प्रधान, एम.पी. सिंह, बलबीर भड़ाना, महाबीर नेताजी, प्रधानाचार्य जगमाल सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रालोद नेता इंद्रजीत सिंह टीटू ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की



अनिल वशिष्ठ

मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। भारत के उप प्रधानमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151 जयंती पर मोदीनगर ग्राम सिकरी खुर्द सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि रालोद प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एवं अर्बन कमेटी प्रभारी मेरठ मंडल सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ संजीव अरोड़ा एवं जिला सचिव दिनेश शर्मा उपस्थित रहे। इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया राष्ट्रीय लोक दल पूरे प्रदेश में प्रत्येक जिला कार्यालय पर आज सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मनाई जा रही है । सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश के हित के लिए अनेकों कार्य किया। इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया देश के गृहमंत्री होने के बावजूद भी उनका जीवन बेहद सादगी से भरा था।

डीपीएस मोदीनगर को सीबीएसई से सीनियर सेकेंडरी स्तर तक संबद्धता प्राप्त

शैक्षिक उत्कृष्टता एवं निरंतर प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि

अनिल वशिष्ठ



मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर के लिए यह गौरव और हर्ष का अवसर है कि विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्तर, अर्थात कक्षा 12 तक की संबद्धता प्राप्त हो गई है।यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समग्र विकास एवं निरंतर प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विद्यालय को प्राप्त यह संबद्धता डीपीएस मोदीनगर की उस प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को एक सशक्त शैक्षिक आधार प्रदान करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। सीनियर सेकेंडरी स्तर तक विद्यालय की शैक्षणिक यात्रा का विस्तार विद्यार्थियों को निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के व्यापक अवसर प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. विक्रम गांधी (सचिव डीएमईटी) ने विद्यालय परिवार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा, ह्यसीबीएसई द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्तर तक संबद्धता प्राप्त होना डीपीएस मोदीनगर की शैक्षिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि को विद्यालय के प्रत्येक सदस्य के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं।श्रीमति अनीशा गांधी (प्रो-वाइस चेयरपर्सन डीपीएस मोदीनगर) ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ह्यसीबीएसई की सीनियर सेकेंडरी स्तर तक की संबद्धता डीपीएस मोदीनगर के लिए गर्व का विषय है।हेडमास्टर अंकित गालयान ने इस उपलब्धि को विद्यालय की सामूहिक सफलता बताते हुए कहा, ह्यसीबीएसई से सीनियर सेकेंडरी स्तर तक की संबद्धता प्राप्त होना डीपीएस मोदीनगर के लिए एक नई शैक्षिक यात्रा का शुभारंभ है।

भाजपा किसान मोर्चा नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की घोषणा



अनिल वशिष्ठ

मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष भंवर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष चैनपाल चौधरी की स्वीकृति से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी डायमंड ने नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी, किसान मोर्चा - जिला गाजियाबाद के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा कर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं दी है। देवेंद्र चौधरी डायमंड में कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग, परिश्रम और समर्पण से हम किसान मोर्चा को गाजियाबाद के हर मंडल, हर गांव तक और अधिक मजबूत करेंगे और किसान हित में कार्य करेंगे। नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी में बिजेंद्र त्यागी लोन, जयप्रकाश शर्मा मोदीनगर गजब नेता जी लोनी,संजय चौधरी मोदीनगर राजकुमार उर्फ राजन चौधरी मोदीनगर विनय प्रताप सिंह मोदीनगर दीपक चौधरी (ऋषभ विहार) मोदीनगर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।, विरेन्द्र निठोरा लोनी राहुल बैसला लोनी मुकेश चौहान मोदीनगर जिला महामंत्री, बनाया ।इसके अलावा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों की भी घोषणा की गई है ।

भारतीय मानक ब्यूरो के 'स्टेकहोल्डर कॉन्क्लेव 2026' में एसआरएमआईएसटी की प्रमुख भागीदारी

अनिल वशिष्ठ



मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। मेरठ में विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भारत सरकार के गाजियाबाद शाखा कार्यालय की ओर से 'स्टेकहोल्डर कॉन्क्लेव 2026' का आयोजन किया गया। दोआब विलास, मेरठ में आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग, परीक्षण प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक संगठनों से जुड़े लगभग 280 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी), दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद ने उद्योग, सरकार और मानकीकरण से जुड़ी संस्थाओं के साथ अपनी सहभागिता को और मजबूत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर परिसर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रमुख डॉ. शिवानी रोहिल्ला की तकनीकी पैनल में सहभागिता रही, जिसका विषय 'खेल सामग्री उद्योग में मानक, गुणवत्ता और नवाचार–भारत के खेल सामग्री विनिर्माण केंद्र के रूप में मेरठ' था। इस चर्चा में उत्पाद सुरक्षा, मानकों के अनुरूप गुणवत्ता, परीक्षण व्यवस्था, नवाचार और खेल सामग्री उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता जैसे विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने गुणवत्ता-आधारित और टिकाऊ औद्योगिक विकास के लिए विभिन्न पक्षों के बीच सहयोग को महत्वपूर्ण बताया और युवाओं में गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एसआरएमआईएसटी के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुए कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग और होटल मैनेजमेंट विभाग को सम्मानित किया गया।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी और कोडस्क्वाड्ज के बीच एमओयू, रोजगार की राह होगी आसान



वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एससीए) और नोएडा की कोडस्क्वाड्ज प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव और रोजगार से जुड़े कौशल विकसित करने के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। एमओयू के तहत कंप्यूटर एप्लीकेशंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और आधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इनमें इंडस्ट्री ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, वर्कशॉप, विशेषज्ञों के व्याख्यान, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, लाइव प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री विजिट शामिल हैं।इन गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को उद्योग जगत में काम करने के तौर-तरीकों और नई तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी मिल सकेगी। एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल किताबी पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को यह समझना भी जरूरी है कि उद्योग जगत में किस तरह के कार्य हो रहे हैं और वहां किन तकनीकी कौशलों की मांग है।

रोटरी क्लब ने राखी गोयल के जन्मदिन जन्मदिन पर जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए जूते-मोजे एवं स्टेशनरी किट



अनिल वशिष्ठ

मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। रोटरी क्लब मोदीनगर द्वारा क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश गोयल की धर्मपत्नी श्रीमती राखी गोयल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्राथमिक विद्यालय तिबड़ा-2, ग्राम तिबड़ा में बच्चों को मोजे एवं स्टेशनरी किट वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वरुण गौर एवं ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह ने अपने करकमलों द्वारा बच्चों को सामग्री वितरित की। दोनों अतिथियों ने बच्चों को जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए आगे बढ़ने, मेहनत करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश गोयल ने कहा कि बच्चों की शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करना रोटरी क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय के बच्चों को भविष्य में भी जिस किसी प्रकार की आवश्यकता होगी, रोटरी क्लब मोदीनगर हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट इंचार्ज सचिन गुप्ता, आभाष कंसल एवं शलभ सिंघल रहे। इस अवसर पर रोटेरियन अनिल सावंत, आलोक गुप्ता, एन.के. सक्सेना, अतुल शर्मा, धर्मेश शर्मा सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीना एवं अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया तथा उनके सहयोग के लिए मुकेश गोयल जी ने आभार व्यक्त किया गया। सभी उपस्थित महिलाओं का श्रीमती राखी गोयल ने अपना बहुमूल्य समय देने और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

निमार्णाधीन टावर से महीनों तक कटता रहा कॉपर का तार, सुरक्षा एजेंसी भी घेरे में!

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। वेव सिटी क्षेत्र की एक निमार्णाधीन साइट से मार्च महीने से अब तक भारी मात्रा में कॉपर के तार चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी की ओर से स्टॉक का मिलान कराने पर चोरी का खुलासा हुआ। मामले में कंपनी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता ऋषभ वशिष्ठ ने वेव सिटी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारियों, साइट के अधिकारियों और ठेकेदारों समेत कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायत के अनुसार प्रकृति अक्षय एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने वेव सिटी के राइज प्रोजेक्ट के टावर में सिविल और फिनिशिंग का काम लिया हुआ है। फ्लैटों में बिजली की फिटिंग के लिए बड़ी मात्रा में कॉपर वायर साइट के स्टोर में रखा जाता था। साइट की दिन और रात की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीटीएफ सिक्योरिटी को दी गई थी। इसके अलावा वहां जीएम, इंजीनियर, स्टोर कीपर, मजदूर और अन्य ठेकेदार भी काम कर रहे थे। कंपनी की ओर से स्टॉक की जांच की गई तो बड़ी मात्रा में कॉपर वायर गायब मिला। चोरी हुए तार की कुल मात्रा और कीमत का आकलन अभी किया जाना बाकी है। शिकायतकर्ता ने चोरी में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साथ साइट जीएम राजेंद्र सिंह, इंजीनियर अंकित चौहान, स्टोर कीपर दीपक और प्रमोद तथा ठेकेदार कृष्ण कुमार और उनकी लेबर पर संदेह जताया है। पेंट ठेकेदार नौशाद और उनकी लेबर, पूर्व में तैनात बाउंसरों तथा बाहरी लोगों की भूमिका की भी जांच की मांग की गई है।

सरदार पटेल की जयंती पर पुलिसकर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

लौह पुरुष को नमन, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प







कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस आयुक्त गाजियाबाद ने पुलिस कार्यालय परिसर में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। पुलिस आयुक्त ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा और एकता के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

त्योहार पर मिठास के नाम पर मिलावट का खेल, 25 दुकानों में सिर्फ दो पास!

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। दीपावली पर मिठाइयों की खरीदारी करने जा रहे हैं तो सावधान हो जाएं। त्योहार के दौरान मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को जिले में बड़े स्तर पर छापेमारी की। इस दौरान 25 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें महज दो प्रतिष्ठानों पर ही व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप मिलीं। 21 प्रतिष्ठानों को कमियां दूर करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि गंभीर खामियां मिलने पर दो प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। शासन के निर्देश पर दूसरे जिलों से आई खाद्य सुरक्षा विभाग की 18 टीमों ने मुख्य रूप से मिठाई की दुकानों को निशाना बनाया। जांच के दौरान अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 49 नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मेसर्स अग्रवाल स्वीट्स में जांच के दौरान गंदगी, दीवारों पर नमी, काले धब्बे और उखड़ी हुई सीमेंट की परत मिली। परिसर में कॉकरोच भी पाए गए। नालियों में खाद्य अपशिष्ट जमा था। खोया और पनीर रखने के लिए कोल्ड चेन की व्यवस्था नहीं थी। बासी मिठाइयां भी निर्माण परिसर में रखी मिलीं। इन गंभीर खामियों के चलते प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसी तरह बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित तिरुपति फूड्स में भी सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। चिमनी, एग्जास्ट फैन और बर्तन गंदे थे। डीप फ्रीजर का तापमान रिकॉर्ड नहीं किया जा रहा था। कच्चा माल जमीन पर रखा मिला और स्टॉक रजिस्टर भी नहीं मिला।

महिला सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें: पुलिस आयुक्त

मिशन शक्ति 6.0 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित







कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। महिला अपराधों की रोकथाम और महिला सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए शनिवार को पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में गोष्ठी आयोजित की। इसमें महिला संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि शिकायतों पर कार्रवाई में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोष्ठी में अधिकारियों, महिला थाना प्रभारी, मिशन शक्ति केंद्रों, पिंक बूथों और परिवार परामर्श केंद्रों के प्रभारियों ने भाग लिया। पुलिस आयुक्त ने मिशन शक्ति केंद्रों और पिंक बूथों को सक्रिय बनाकर महिलाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही शिकायतकर्ताओं से संवाद कर कार्रवाई का फीडबैक लेने और पारिवारिक विवादों का संवेदनशीलता से समाधान करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्रों पर शिकायत निस्तारण की एसओपी की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मिशन शक्ति 6.0 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करें: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ







कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने सभी को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से देशी रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता एवं अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। इसी ऐतिहासिक योगदान के कारण उन्हें लौह पुरुष के रूप में याद किया जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और अखंडता में निहित है। विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के बावजूद हमारा संविधान और राष्ट्रीय पहचान हमें एक सूत्र में बांधते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी निष्पक्षता, निष्ठा और समर्पण के साथ जनसेवा करते हुए सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में योगदान दे।

गाजियाबाद में अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा पकड़ा, तीन गिरफ्तार

80 बोरों में मिले 18 क्विंटल 72 किलो से अधिक पटाखे, अपराध शाखा की कार्रवाई



कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। गाजियाबाद में अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ अपराध शाखा की ऑपरेशनल टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 30 अक्टूबर को कोतवाली सिटी क्षेत्र के सूर्या एन्क्लेव चौकी अंतर्गत सिविल लाइंस में छापेमारी कर दुकान और गोदाम में बिक्री के लिए रखे अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया।

पुलिस ने दुकान और गोदाम के मालिक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 80 प्लास्टिक के बोरों में रखे विभिन्न प्रकार के कुल 18 क्विंटल 72 किलो 800 ग्राम अवैध पटाखे बरामद हुए। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने यह कार्रवाई की। मामले में थाना कोतवाली सिटी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

राजेंद्र नगर में खेल प्रतिभाओं का दिखा दमखम, हजारों खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

पप्पू पहलवान की टीम को शानदार आयोजन के लिए दी बधाई









\कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। राजेंद्र नगर में आयोजित समाधान शक्ति सामाजिक संस्था की 17वीं खेलकूद प्रतियोगिता में संस्था के संरक्षक ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में हजारों खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने, अनुशासन सीखने और जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू पहलवान और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जनसुनवाई में डीएम सख्त, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पात्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं अधिकारी: रविन्द्र कुमार मॉदड़



कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कमजोर, गरीब एवं असहाय लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में अधिकारी मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं। फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर उसका प्रभावी समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

सुरक्षा, साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश





कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, साफ-सफाई और रखरखाव का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का नियमित रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हर समय दुरुस्त रहनी चाहिए, ताकि निर्वाचन संबंधी उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व (एफ/आर) सहित भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ट्रांस हिंडन में पुलिस चौकियों का बदला पहरा

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शुक्रवार रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। डीसीपी ऋजुल ने 11 चौकी प्रभारियों समेत कुल 16 दरोगाओं के तबादले किए हैं। इनमें इंदिरापुरम और लिंक रोड थाने के दो वरिष्ठ उपनिरीक्षक भी शामिल हैं। तबादला सूची जारी होने के बाद विभिन्न थानों और चौकियों पर नई तैनाती कर दी गई है। इंदिरापुरम में तैनात प्रदीप शर्मा को वरिष्ठ उपनिरीक्षक इंदिरापुरम बनाया गया है, जबकि लिंक रोड में तैनात ओमप्रकाश बघेल को वरिष्ठ उपनिरीक्षक टीला मोड़ की जिम्मेदारी दी गई है। साहिबाबाद थाने में तैनात अलका चौधरी को चौकी प्रभारी शिप्रा सन सिटी बनाया गया है। शिप्रा सिटी चौकी प्रभारी सोहनवीर सिंह को कौशांबी चौकी भेजा गया है।

गाजियाबाद में लगा पहला परिवहन मेला, 51 वाहन स्वामियों को 4.16 लाख की छूट

930 वाहन स्वामी पहुंचे, 35.11 लाख रुपये का राजस्व जमा









कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। संभागीय परिवहन कार्यालय के सारथी भवन में शनिवार को प्रथम परिवहन मेले का आयोजन किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में 930 वाहन स्वामियों ने पहुंचकर परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

10 काउंटरों पर बकाया कर, वाहन पंजीयन, फिटनेस, परमिट और ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी कार्य किए गए।

मेले में पेनल्टी माफी के लिए 98 आवेदन मिले, जिनमें 51 वाहन स्वामियों को 4.16 लाख रुपये की छूट दी गई। इस दौरान 28.67 लाख रुपये का बकाया राजस्व वसूला गया तथा कुल 35.11 लाख रुपये जमा हुए। इसके अलावा 150 नए वाहनों का पंजीयन, 110 परमिट संबंधी कार्य और 125 ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी कार्य किए गए। अधिकारियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग और यातायात नियमों के पालन की अपील की। विभाग नवंबर और दिसंबर में भी परिवहन मेले आयोजित करेगा।

ग्रेटर नोएडा बार एसोसिएशन ने उठाई हाईकोर्ट बेंच की मांग, आंदोलन तेज करने का फैसला

- दो दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर न्याय यात्रा के समापन का प्रस्ताव, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग





कपिल चौहान

ग्रेटर नोएडा(वेलकम इंडिया)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज भाटी (बोडाकी) एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित आम सभा में आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन ने 40 वर्षों से चल रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को अधिवक्ताओं और आम जनता की प्रमुख मांग बताया। ज्ञापन के अनुसार, 14 अक्टूबर को केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम के बाद दो दिसंबर 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर न्याय यात्रा के समापन का प्रस्ताव है। वहीं, 31 अक्टूबर को गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को इस मांग के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। इस दौरान सचिव शोभाराम चंदील सहित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।